# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–240 । सागर, गुरुवार, 19 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



महाकाली का अद्भुत स्वरूप दूसरा स्वरूप कलकत्ता में विराजमान, भक्तों की लगी कतार पृष्ठ 2

- जैतून की टहनी का इंतजार
- एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध पृष्ठ 4

- उप्र-मप्र सीमा पर अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल का परिवहन करते 2 वाहनों को किया जप्त पृष्ठ 6

सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी करती हैं रानगिर वाली हरसिद्धि माता पृष्ठ 8


### राहुल गांधी ने किया सीधा हमला, विदेशी अखबार की रिपोर्ट का दिया हवाला

# अडानी ने किया 32 हजार करोड़ का घोटाला

- कोयला भारत आते ही दोगुना महंगा
- बिजली की कीमतें बढ़ाकर वसूला गया



जब अडानी के खिलाफ दस्तावेज हैं, तो मोदी सरकार इस उद्योगपति के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करती: राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि उन्होंने (श्री अडानी) कोयला घोटाला किया है, जिसके कारण बिजली की कीमतें बढ़ी हैं और बिजली दरें बढ़ाकर जनता के 32000 करोड़ रुपए डकारे गए हैं। श्री गांधी ने बुधवार पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले हम 20,000 करोड़ के घोटाले की बात कर रहे थे, लेकिन अब एक विदेशी अखबार ने रिपोर्ट छपी है कि 12,000 करोड़ रुपए का और घोटाला हुआ है और इस तरह से अडानी समूह ने पूरा 32,000 करोडट रुपए का घोटाला किया है।

राहुल ने अडानी पर आरोप लगाते हुए एक न्यूज आर्टिकल भी दिखाया। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि अडानी इंडोनेशिया में कोयला खरीदते हैं और जब तक कोयला भारत आता है, तब तक इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि घोटाले के दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन मोदी सरकार अपने प्रिय उद्योगपति के खिलाफ किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

### भाजपा ने कहा-

## भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है



भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार दुनिया का सबसे भ्रष्ट परिवार है। राहुल और सोनिया दोनों भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं। इस पर राहुल बात नहीं करेंगे। नेशनल हेराल्ड घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा के भ्रष्टाचार पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि भ्रष्टाचार कांग्रेस के डीएनए में है।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

# गेहूं के समर्थन मूल्य पर डेढ़ सौ व सरसों में 2 सौ रुपए की वृद्धि



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार ने वर्ष 2024–25 के लिए रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल और सरसों की कीमत में 200 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की आज यहां हुयी बैठक में मसूर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 425 रुपए, बाजरा की कीमत में 115 रुपए तथा चना की कीमत में 105 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि करने का निर्णय किया गया । सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने संवाददाता सम्मेलन में बैठक की जानकारी देते हुए गेहूं का मूल्य अब किसानों को 2275 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा । इसी तरह सरसों का 5650 रुपए , मसूर का 6425 रुपए तथा चना का 5440 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा । उन्होंने बताया कि जौ का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल बढा कर 1850 रुपए तथा सूरजमुखी का मूल्य 150 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा कर 5800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है ।

## केंद्रीय कर्मियों का डीए 4 फीसदी बढ़ा

त्योहारी मौसम केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी कर दी है। इससे अब केंद्रीय कर्मियों का कुल मंहगाई भत्ता 42 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी हो गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले से केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों के साथ ही 68 लाख पेंशन भोगियों को भी फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 1 जुलाई से देय होगा।इस फैसले से सरकार पर 12,857 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा।

## रेलवे कर्मियों को मिलेगा 78 दिनों का बोनस

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंहगाई भत्ते के साथ ही रेलवे कर्मियों के बोनस को भी मंजूरी दे है। इस साल रेलवे के गैर राजपत्रित 11 लाख 7 हजार 340 कर्मियों को उनके 78दिन के वेतन के बराबर बोनस दिया जाएगा। इस पर सरकार के ऊपर 1969 करोड़ रुपए का अधिभार पड़ेगा। बतादें कि उत्पादकता पर आधारित यह बोनस रेल कर्मियों को साल 2010–11 से ही दिया जा रहा है।

## सार-समाचार

### प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल केंद्रों का शुभारंभ करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 511 प्रमोद महाजन ग्रामीण कौशल विकास केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। यह केंद्र महाराष्ट्र के 34 जिलों में स्थापित किए जा रहे हैं। ग्रामीण कौशल विकास केंद्र विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएंगे जिनसे ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। प्रत्येक केंद्र कम से कम दो व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में लगभग 100 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय कौशल विकास परिषद के तहत सूचीबद्ध उद्योग जगत के भागीदारों और एजेंसियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इन केंद्रों की स्थापना से अधिक सक्षम एवं कुशल जनशक्ति तैयार करने में मदद मिलेगी।

### पुरकायस्थ की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार न्यूज पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और इसके मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख अमित चक्रवर्ती की अयाचिका पर वह गुरुवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवाई और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने यह कहते हुए सुनवाई 19 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी कि वह संबंधित फाइल का अवलोकन करना चाहती है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और देवदत्त कामत ने पीठ के समक्ष कहा कि मामले में नोटिस जारी किया जाना चाहिए।

### गोवा में पर्यटकों को बंधक बनान के आरोप में 3 गिरफ्तार

**पणजी, एजेंसी।** गोवा पुलिस ने कथित तौर पर दो पर्यटकों को बंधक बनाने और यूपीआई से उनके पैसे लूटने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कैलंगुट पुलिस ने बताया कि कर्नाटक के कोलार के 39 वर्षीय एस सतीशकुमार शेट्टी की शिकायत पर मामले की जांच की गई। बाद में इस संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा है कि एक पर्यटक गाइड/दलाल उसे और उसके दोस्त को एक कमरे में ले गया और कैद कर लिया। पुलिस ने कहा कि बाद में आरोपी व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट की और जबरन यूपीआई लेनदेन के माध्यम से 30,000 रुपये हस्तांतरित करा लिए।

### आईआईटी खड़गपुर में छात्र का शव लटका मिला

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम मिदनापुर जिले के प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)–खड़गपुर के छात्र का शव बुधवार को हॉस्टल में रहस्यमय परिस्थितियों में बरामद किया गया है। मृतक की पहचान तेलंगाना निवासी के. किरण चंद्रा (21) के रूप में हुई है। वह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग का छात्र था। तेलंगाना में चंद्रा के माता–पिता को घटना की जानकारी दे दी गई है। मौत का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है।

### पाक ने जम्मू सीमा पर की गोलीबारी, 2 घायल

**जम्मू, एजेंसी।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी करके संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। मंगलवार रात लगभग सवा नौ बजे पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ जवानों की ओर बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि अरनिया सेक्टर में बीएसएफ के जवानों ने गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि गोलीबारी में घायल हुए बीएसएफ के दो जवानों को तत्काल वहां से निकाला गया और उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराया गया।

### ओडिशा के सिमलीपाल रिजर्व में बाघों की गणना शुरू

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में स्थित सिमिलिपाल टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना बुधवार को शुरू हुई। मयूरभंज जिले के सतकोसिया, कप्टीपाड़ा, बिसोई, रायरंगपुर और करंजिया उपमंडलों के वन क्षेत्रों में तीन चरणों में गणना की जाएगी। पहले चरण में, 18 से 20 अक्टूबर तक पगमार्क के माध्यम से गणना की जाएगी और दूसरे चरण में 25 से 28 अक्टूबर तक राज्य में बाघों की आबादी जानने के लिए अनुप्रस्थ सर्वेक्षण किया जाएगा। तीसरे चरण में एक नवंबर से 25 नवंबर तक कैमरा ट्रैपिंग विधि के माध्यम से गणना की जाएगी।

### शिवराज ने पॉवर ऑफ अटार्नी वाले बयान पर किया कटाक्ष, बोले-

# कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खानी पड़े



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को गाली खाने की पावर ऑफ अटार्नी दिए जाने संबंधित बयान पर कटाक्ष किया है। उन्होंने आज यहां कहा कि कमलनाथ ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि उन्हें गाली खानी पड़े।

श्री चौहान ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस में गालियां खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी दी गई है। इस बात का खुलासा स्वयं कमलनाथ ने किया है। वे ऐसा काम ही क्यों करते हैं कि गाली खाना पड़े। अगर गाली खाना पड़े तो खुद ना खाएं, दूसरे को पावर ऑफ एटॉर्नी दे दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे ही सरकार चलाने की पावर ऑफ अटॉर्नी भी कमलनाथ ने दिग्विजय सिंह को ही दे रखी थी। पहले भी बंटाधार हुआ और आज भी बंटाधार ही हो रहा है। जब दिग्विजय सिंह ने सरकार चलाई उस समय जो मध्यप्रदेश की दुर्गति हुई वह जनता को पता है। उल्लेखनीय है कि कमलनाथ ने मंगलवार को पार्टी के वचन पत्र जारी करने के अवसर पर कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक मंच से कहा था कि उन्होंने बहुत पहले गाली खाने की पावर ऑफ अटार्नी दिग्विजय सिंह को दी थी, जो आज तक वैध है।

### कमलनाथ ने ट्वीट कर कहा-

## आपको हमारी फिक्र करने की जरूरत नहीं



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इतना लोकतंत्र है कि हम आपस में हंसी मजाक कर लेते हैं। आपको हमारी फिक्र करने की बहुत जरूरत नहीं है, लेकिन आपकी पार्टी में तो हाल यह है कि कोई आपका नामलेवा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि आपने ऐसे कौन से कर्म किए हैं कि आपकी पार्टी को आपको मुख्यमंत्री के रूप में पेश करने में शर्म आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जरा सावधानी से काम लीजिए दिल्ली वाला इंजन आपके भोपाल के इंजन को पटरी से उतारने के लिए कमर कस चुका है। जैसे ही आपने स्मार्ट पार्क में बिना पटरी वाला मेट्रो का डिब्बा रखा है, भोपाल के इंजन का भी वही हाल होने वाला है। जो सफर के नहीं, नुमाइश के काम आएगा।

### महुआ मामले में समिति 26 को करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगाया था। इसे लेकर लोकसभा की एथिक्स कमेटी 26 अक्टूबर को सुनवाई करेगी। इसके लिए कमेटी ने निशिकांत दुबे को बुलाया है। लोकसभा के डिप्टी सेक्रेटरी बाला गुरु ने बुधवार को दुबे को नोटिस जारी करते हुए ये जानकारी दी। निशिकांत सुनवाई में मौजूद रहेंगे या नहीं, इसे लेकर उन्हें 20 अक्टूबर तक जवाब देने को कहा गया है। ये सुनवाई संसद के कमेटी रूम में होगी।

### गाजा अस्पताल में हुए हमले की चौतरफा आलोचना

# अस्पताल में हुए हमले में 5 सौ लोगों की मौत

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को कहा कि वह गाजा में एक अस्पताल में हुए हमले में सैकड़ों लोगों के मारे जाने की घटना के बाद से व्यथित हूं। वहीं, पाकिस्तान कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवरुल हक काकर ने मांग की है कि इस अपराध के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। इस हमले की चौतरफा आलोचना हो रही है। गाजा में कल अस्पताल में हुए हमले में पांच सौ लोगों के मारे जाने की सूचना है। सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से इजरायल की ओर से घनी आबादी में की जा रही बमबारी में यह सबसे अधिक भयावह नरसंहार वाला दिन है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्री माई अल्कैला ने इज़रायल पर अल–अहली अल–अरबी अस्पताल में 'नरसंहार' का आरोप लगाया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि गाजा के 'बर्बर आतंकवादियों' ने अस्पताल पर हमला किया है, इजरायल की सेना का इससे कोई लेना देना नहीं है। तुर्की न्यूज के अनुसार श्री नेतन्याहू के सहयोगी हनान्या नफ्ताली ने शुरू में एक सोशल मीडिया पोस्ट में अस्पताल में विस्फोट के लिए इजरायली वायु सेना को जिम्मेदार ठहराया गया था। बाद में हालाँकि उन्होंने इस पोस्ट को तुरंत हटा दिया और हमास को दोषी ठहराते हुए एक और पोस्ट किया। अन्य पत्रकारों ने भी इस ओर ध्यान दिलाया।

### बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोला, आंदोलन की तैयारी

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** भारतीय किसान यूनियन नेता राकेश टिकैत ने कहा है कि किसान 23 अक्टूबर को आंदोलन के लिए तैयार रहें। मुजफ्फरनगर के मुण्डभर गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए बीकेयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बिजली विभाग की मनमानी के खिलाफ किसान नेताओं ने मोर्चा खोल दिया है। कलम व कैमरे पर बंदूक का पहरा है, इसलिए भारतीय मीडिया की बजाय विदेशी मीडिया में किसान आंदोलन को सही दिखाया जा रहा है। बीकेयू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने विभागीय अधिकारियों पर किसानों के शोषण का आरोप लगाया है। किसान नेताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता तब तक धरना जारी रहेगा। राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार ने किसानों के खिलाफ वादाखिलाफी की है। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और गन्ने के लिए उच्च एसएपी सहित उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं। इन्हीं मांगों को लेकर किसान सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर हुये हैं।

# कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास कर रही भाजपा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें राज्य में कांग्रेस सरकार को गिराने की भाजपा की कोशिश की जानकारी है।

उन्होंने कहा कि मैं यह जानता हूं भाजपा कांग्रेस सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। सभी विधायक आ रहे हैं और मुख्यमंत्री मुझे बता रहे हैं कि कौन भाजपा के संपर्क में है। वे हमें यह भी बता रहे हैं कि उन्हें क्या पेशकश की जा रही है। जब शिवकुमार से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की भाजपा की कोशिश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा सत्र होने दीजिए। मेरे पास सारी जानकारी है। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि जिन लोगों से संपर्क किया गया है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को संबोधित कलेक्शन मास्टर पोस्टर जारी करने को लेकर हुए विवाद का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए 2,500 करोड़ की भारी रकम एकत्र की गई थी। इससे पहले शिवकुमार ने आरोप लगाया था कि इनकम टैक्स द्वारा जब्त की गई 94 करोड़ रुपए की रकम भाजपा नेताओं की है। उन्होंने कहा कि नकदी और कांग्रेस पार्टी के बीच कोई संबंध नहीं है। भाजपा नेताओं के इस आरोप पर कि ताजा घटनाक्रम से कांग्रेस आलाकमान हिल गया है, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कांग्रेस आलाकमान नहीं, बल्कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व हिल गया है। भाजपा ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, और आयकर छापों के दौरान जब्त किए गए धन के स्रोत का पता लगाने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच की मांग की थी।

### फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामला

# आजम खान, पत्नी और बेटे को 7 साल की सजा

**रामपुर, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में रामपुर की एक अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को आजम खान, अब्दुल्ला आजम और पत्नी तंजीन फात्मा को सात साल की सजा सुनाई है।

एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट शोभित बंसल की कोर्ट ने दो जन्म प्रमाणपत्र के 2019 के मामले में आजम खान, तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया और अधिकतम सात साल की सजा सुनाई। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 2019 में गंज थाने में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाणपत्र होने का मामला दर्ज कराया था, जिसमें सपा नेता आजम खान और उनकी पत्नी डॉ. तंजीन फात्मा को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप पत्र के मुताबिक, रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी एक जन्म प्रमाणपत्र में, अब्दुल्ला आजम की जन्म तिथि एक जनवरी, 1993 बताई गई थी। दूसरे प्रमाणपत्र के अनुसार उनका जन्म 30 सितंबर, 1990 को लखनऊ में हुआ था। आरोप था कि अब्दुल्ला ने अपने दो जन्म प्रमाणपत्र बनवाए हैं, जिनमें एक रामपुर नगरपालिका परिषद से, जबकि दूसरा प्रमाणपत्र लखनऊ नगर निगम से बनवाया।

# उच्च न्यायालयों के 16 जजों के तबादले

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न उच्च न्यायालयों के 16 न्यायाधीशों के तबादले की घोषणा की।

न्यायमूर्ति एस पी केसरवानी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति राज मोहन सिंह को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति नरेंद्र को कर्नाटक उच्च न्यायालय से आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पटना उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति एम वी मुरलीधरन को मणिपुर उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद को पटना उच्च न्यायालय से कलकत्ता उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अवनीश झिंगन और न्यायमूर्ति अरुण मोंगा को पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार–4 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नानी टागिया को गुहाटी उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति सी मानवेद्रनाथ रॉय को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से गुजरात उच्च न्यायालय तबादला किया गया है।

न्यायमूर्ति मुन्नूरी लक्ष्मण को तेलंगाना उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय और न्यायमूर्ति जी अनुपमा चक्रवर्ती को तेलंगाना उच्च न्यायालय से पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है। अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी को कलकत्ता उच्च न्यायालय से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकट रमन्ना को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय स्थानांतरित किया गया है।

### सौम्या विश्वनाथन हत्याकांड

# दिल्ली की अदालत ने 5 को दोषी ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में चार आरोपियों को मकोका प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने में मदद करने के लिए दोषी ठहराया है।

साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश रवींद्र कुमार पांडे ने 13 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया है। चार आरोपियों रवि कपूर, अमित शुक्ला, अजय कुमार और बलजीत मलिक को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और अजय सेठी को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है। अब सजा के लिए 26 अक्टूबर की तारीख तय की गई है। 13 अक्टूबर को न्यायाधीश ने अतिरिक्त दलीलों या स्पष्टीकरण के लिए समय दिया था क्योंकि बचाव और अभियोजन दोनों ने इस महीने की शुरुआत में अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं। अदालत ने फैसला सुनाए जाने के समय सभी आरोपियों को अदालत में उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया था।

गौरतलब है कि 30 सितंबर 2008 को सौम्या विश्वनाथन देर रात अपनी कार से घर लौट रही थीं, उसी दौरान उनकी नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था और वे मार्च 2009 से हिरासत में हैं। पुलिस ने उसकी हत्या का कारण डकैती बताया था और आरोपियों पर कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध रोकथाम अधिनियम (मकोका) लगाया था। बलजीत मलिक और दो अन्य आरोपी रवि कपूर तथा अमित शुक्ला को 2009 में आईटी पेशेवर जिगिशा घोष हत्या मामले में दोषी ठहराया जा चुका है। घोष की हत्या में ट्रायल कोर्ट ने रवि कपूर, शुक्ला को मौत की सजा सुनाई और मलिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# महाकाली का अद्‌भुत स्वरूप दूसरा स्वरूप कलकत्ता में विराजमान, भक्तों की लगी कतार

## नवरात्रि में श्रद्धालुओं की लगी अपार भीड़



**मालथौन, देशबन्धु।** सागर से 60 किलोमीटर की दूरी पर मालथौन तहसील मुख्यालय स्थित किला प्रांगण में शक्तिपीठ में विराजमान महाकाली का अद्भुत स्वरूप के दर्शनों के लिये भक्तों का तांता लगा रहा हैं। शारदीय नवरात्रि के महापर्व पर भक्त सुबह से मां जगत जननी के चरणों में जल अर्पित करने पहुच रहे है भक्तों का बड़ा आस्था केंद्र है। यहां की प्रमुख विशेषता है किवदंती मूर्ति एक तो कलकत्ता में विराजमान है दूसरी मालथौन के किला प्रांगण में मातारानी का अद्भुत स्वरूप विराजमान हैं। यहा का इतिहास बहुत प्राचीन हैं। किला परिसर में बने चोपड़ा कुंड में बीजक लगे हुए है वह पाल वंश के राजाओं का इतिहास प्रदर्शित करता है। शक्तिपीठ के बारे में यह किवदंती आम है कलकत्ता और मालथौन की काली मां की प्रतिमा एक ही पत्थर से निर्मित हैं इतिहास में साफ लिखा है बंगाल के पाल वंश द्वारा दुर्लभ काले पत्थर की निर्मित मूर्तिया इस वंश की विशेषता रही है। कहते है कि जब सम्राट हर्ष की 647 इश्वी में मृत्यु हुई तो कन्नौज पर शासन करने के लिये गुर्जर प्रविहार, राष्ट्रकूट तथा पाल वंश के बीच 1200 ई तक संघर्ष चले। कन्नौज सहित उत्तर भारत में पाल शासन लंबे समय तक चला। बंगाल से इस प्रतिमा को इसी दौरान 800 इश्वी के करीब लाया गया। मूर्ति में प्रयुक्त पत्थर काले हीरे की तरह हैं जिसका किसी मौसम में लाखों वर्ष क्षरण नहीं होता हैं। ऐतिहासिक रूप से देखे तो खजुराहो मंदिरों से प्राचीन और दुर्लभ हैं। बताया जाता है कि करीब 800 ईश्वी शताब्दी में बंगाल के राजा महाराजाओं ने किवदंती को स्थापना करवाई गई थी। एक और इतिहास के अल्हा ऊदल के खंड काल मे पथरीगण का उल्लेख हैं उसे पथरीगण की माता रानी भी कहा गया हैं। आदि शक्ति महाकाली का अद्वितीय स्वरूप है, मां काली के दरबार मे वर्ष में दो बार भक्तों का मेला लगता है नवरात्रि पर्व पर यहां दूर-दूर से भक्त मां जगतजननी के दरबार में पूजा अर्चना करने पहुंचते है। भक्तगण प्रात: काल की बेला में मां जगत जननी के दर्शनों से दिन का शुभारंभ कर रहे है यहा की मान्यता है की यहा पर भक्तों द्वारा सच्चे दिल से मांगी गई, हर मनोकामना पूर्ण होती है। यहां माता रानी के दर्शन मात्र से लोग मन्त्र मुग्ध हो जाते है तथा परिसर का वातावरण शांत हैं यहा लोग शांति का अनुभव करते है। अष्टमी और नवमी पर्व पर यहां वर्ष में भक्त दूर-दूर से दो बार माता रानी के दर्शनों को अवश्य पधारते हैं। वैसे यहा भक्तों का वर्ष भर आना लगा रहता हैं। ऐसा भक्तों का मानना है सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद को मां जगत जननी अपने भक्तों की पूर्ण करती हैं।

### महाआरती उमड़ रहे भक्त

नवरात्रि में महाकाली के दरबार में संध्या कालीन महाआरती में बड़ी संख्या में भक्त जन सम्मिलित होकर धर्मार्जन कर रहे हैं। महाआरती का दृश्य अद्वितीय लगता है बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होते है। चैत्र एवं कुंवार मास की नवरात्र में अखंड रामायण का पाठ मातारानी के दरबार में प्रांगण में बने हुए सत्संग भवन में चल रहा है। भक्त माता की भक्ति में लीन होकर आराधना मग्न है।

# कृषि मंडी में किसानों को हो रही परेशानी

## किसानों ने कहा व्यापारी मंडी परिसर में ही करते है तौल



**बीना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी परिसर छोटा होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं व्यापारी अपनी दुकान छोड़कर मंडी परिसर में ही अनाज फैलाकर तौल कर रहे हैं। बीना मंडी में अनाज बेचने आने वाले किसानों को अपने ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करने में परेशानी हो रही है। डाक नीलामी के समय मंडी परिसर में व्यापारियों के ट्रक लोड होने की वजह से किसानों के ट्रैक्टर ट्राली बेतरतीब तरीके से खड़े होते हैं। कृषि उपज मंडी में इन दिनों बड़ी संख्या में किसान अपना अनाज बेचने के लिए आ रहे हैं। ऐसे में किसानों को सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान सीता राम सिंह ठाकुर ने बताया कि मंडी परिसर छोटा होने के कारण सीजन के समय ट्रैक्टर ट्राली खड़े करने जगह नहीं मिलती है। अभी भी ऐसी ही स्थिति बनी हुई है, लेकिन फिर भी व्यापारी मनमानी कर रहे हैं। अपनी दुकान की जगह मंडी परिसर में हजारों क्विंटल अनाज फैलाकर तौल कर रहे हैं और वहीं से ट्रक लोड कर दिए जाते हैं। मंडी में व्यापारी सिर्फ अपनी सुविधा देख रहे हैं। उन्हें किसानों की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है। साथ ही अधिकारी कर्मचारी भी मूक दर्शक बने हुए हैं। मंडी के कुछ व्यापारी नियमों को ताक पर रखकर बीच मंडी परिसर में डाक, नीलामी में खरीदे गए अनाज को रखकर तौल करा रहे है। इसके बाद वहीं से ट्रक लोड कर दिया जाता है। जबकि नियमानुसार यह कार्य व्यापारी के लिए दी गई दुकान पर होना चाहिए और परिसर में सिर्फ किसानों के ट्रैक्टर ट्राली ही खड़े होना चाहिए। मंडी में अनाज बेचने आए किसान सौभाग्य सिंह ने बताया कि व्यापारी मनमानी कर रहे है। परिसर में ही तौल हो रही है और इसके बाद व्यापारी नीलामी के समय ही ट्रक लोड करते हैं। जिसके कारण किसानों को ट्रैक्टर ट्राली खड़ी करने में परेशानी होती है। मंडी के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। मंडी में हमेशा अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहते हैं और उनके सामने ही व्यापारी नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं।

### व्यापारियों को जारी किया जाएगा नोटिस

कृषि उपज मंडी के सचिव गोपाल अहिरवार ने बताया कि व्यापारियों से डाक नीलामी परिसर में अनाज रखे जाने की सूचना मिली है। वहीं पर ट्रक लोड भी किया जा रहा था। ऐसे व्यापारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा, पूर्व सरपंच सहित तीन पर मामला दर्ज

**सागर, देशबन्धु।** राहतगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत के तत्कालीन सरपंचए सचिव और पटवारी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। उन पर शासकीय जमीन पर स्वयं और अपने संबंधियों को नियम विरुद्ध स्वामित्व दिलाने का आरोप है। मामले में पुलिस ने जांच रिपोर्ट व प्रतिवेदन के आधार पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार आवेदक धीरज सिंह ठाकुर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जिला सागर और अभिषेक चौरसिया ने भारत सरकार की स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण आबादी सर्वेक्षण शासकीय कर्मचारियों से मिलीभगत कर ग्राम धनौरा में ग्राम आबादी की लगभग 6.25 एकड़ भूमि में से करीब 2 एकड़ शासकीय भूमि स्वयं समेत अन्य व्यक्तियों के अधिभोग की आबादी भूमि पर तत्कालीन सरपंच राजकुमार सिंह द्वारा फर्जी तरीके से स्वंय का और अपने निकट संबंधियों का स्वामित्व दिखाते हुए योजना के तहत अनुचित रूप से लाभ प्राप्त करने के संबंध में शिकायत की गई थी। शिकायत पर नायब तहसीलदार सीहोरा से जांच कराई गई। जांच कर नायब तहसीलदार ने रिपोर्ट तहसीलदार को भेजी। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को पेश की गई। जिसके बाद कलेक्टर ने मामले की जांच रिपोर्ट कार्रवाई के लिए एसपी सागर को भेजी। पुलिस के अनुसार देवीप्रसाद चक्रवर्ती अधीक्षक भू अभिलेख सागर द्वारा पेश किए गए प्रतिवेदन में पाया गया कि आबादी की रिक्त भूमि और आबादी की भूमि जिस पर व्यावसायिक प्रायोजन से उपयोग किया जा रहा है। प्रश्नाधीन व्यक्ति और उसके परिजन को स्वामित्व योजना के तहत पटवारी, सचिव और कोटवार को विस्तृत सर्वे के बाद पात्र व्यक्तियों के अधिकार अभिलेख तैयार किए जाने थे। ऐसे में उपरोक्त कर्मचारी प्रत्यक्ष रूप से दोषी है। ग्राम स्तरीय समिति के सक्रिय सदस्य होने और ग्राम पंचायत के तहत ग्राम सभा के माध्यम से की गई सभी कार्रवाई, प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। उसके सदस्य होने के कारण संबधित व्यक्ति दोषी हैं। सरपंच, सचिव द्वारा ग्राम सभा और ग्राम स्तरीय समिति के प्रमुख सदस्य होने सर्वे की जानकारी होने और इस के लिए जारी सार्वजनिक इश्तिहार के बाद भी विशेष कर सरपंच प्रश्नाधीन व्यक्ति के द्वारा आपूर्ति दर्ज नहीं कराया जाना सरपंच की संलिप्तता प्रमाणित करता है। ऐसे में सरपंच और सचिव समान रूप से दोषी हैं। मामले की शिकायत और प्रतिवेदन के आधार पर राहतगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रथम दृष्ट्या तत्कालीन सरपंच राजकुमार सिंह दांगी, तत्कालीन सचिव कमलेश साहू और पटवारी अमन विश्वकर्मा के खिलाफ धारा 409, 420, 417, 418, 120बी के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

# अवैध शराब बनाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर महुआ लाहान करीब 900 लीटर जप्तकर नष्ट किया



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार 18 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक के आदेश के पालन में आगामी चुनाव के तहत अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही करने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एसडीओपी देवरी द्वारा टीम गठित कर महाराजपुर पुलिस द्वारा थाना महाराजपुर क्षेत्र अंतर्गत आफतगंज ताड़े पर महुआ की कच्ची शराब बनाने व बेचने के संबंध में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी जो आफतगंज ताडे में पुलिस द्वारा दबिश देकर ताडे के मकानो के आसपास व खेतों में बडी संख्या में प्लास्टिक के कुपो में गढ़ा हुआ महुआ लाहान प्राप्त हुआ जिसे निकालकर करीबन 60 प्लास्टिक के कुप्पे 15-15 लीटर के कुल करीब 900 लीटर महुआ लाहान निकालकर विधिवत नष्ट किया गया व महुआ की कच्ची शराब जप्तकर आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

# आरएसएस ने निकाला पथ संचलन, स्वागत में पुष्पवर्षा



**बांदरी, देशबन्धु।** श्री राम तरुण व्यवसायी शाखा बांदरी द्वारा विजयादशमी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर में पथ संचलन निकाला। जगह-जगह लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। बीना जिला के आसपास क्षेत्र के सभी स्वयं सेवक बस स्टैंड परिसर एकत्रित हुए। यहां से पथ संचलन शुरू किया। जो स्वास्थ्य केंद्र से बंडा तिराहा से होते हुए नगर भ्रमण कर वहां से वापस मेन रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंचकर समापन हुआ। पथ संचलन में स्वयंसेवक घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों को देखकर पथ संचलन देखने के लिए सड़क के दोनों तरफ लोग खड़े रहे। इस बीच स्वयं सेवकों का पुष्प वर्षा के साथ लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए डॉ. जीएस चौबे चौबे कहा कि हिन्दुओं को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वर्षों से अपनी भूमिका का निर्वहन करता आ रहा है। देश और हिन्दुत्व दोनों की रक्षा के लिए युवाओं का संघ से जुड़ना अति आवश्यक है। यह पथ संचलन देशहित और समाज में एकता का संदेश देने के लिए निकाला जाता है इस दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के माध्यम से भव्य आकर्षक झांकी सजाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

# सुख समृद्धि के लिए नगरवासियों ने 151 ध्वज हरसिद्धि मां को अर्पित किए



**जैसीनगर, देशबन्धु।** इन दिनों नवरात्रि पर्व की धूम है, पूरा माहौल भक्ति में सराबोर है, वही जैसीनगर में बावड़ी मोहल्ला स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में सभी नगरवासी एकत्रित हुए और गाजे बाजे अखाड़े के साथ हाथों में ध्वज लेकर जय माता दी के जयकारे के साथ लगाते हुए गेंहूरास तिगड्डा होते हुए आठिया कृषि फार्म हाउस स्थित हरसिद्धि देवी के मंदिर पहुंचे जहां विधि विधान पूजा अर्चना हरसिद्धि मां को 151 ध्वज अर्पित कर जैसीनगर की सुख समृद्धि की कामना की, इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पूर्व श्रद्धालु मौजूद रहे, इस दौरान अखाडो के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक कर्तव्य दिखाएं, वही श्रद्धालुओं को साबूदाना की खीर प्रसादी का वितरण नरेंद्र आठिया द्वारा किया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवी देवताओं ध्वज चढ़ाने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है इसलिए विशेष कर नवरात्रि में देवी मां को ध्वज अर्पित किया जाता है।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले एवं उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने वाले एवं उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी संतोष लोधी को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा 366 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड तथा पाक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(डब्ल्यू)(आई) के तहत तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड धारा 3(2)(व्ही-ए) के तहत पांच वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये अर्थदण्ड, धारा. 3(2)(व्ही) के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। न्यायालय द्वारा बालिका के लिये उसे क्षतिपूर्ति के रूप में युक्तियुक्त प्रतिकर 400000 रूपये दिये जाने का आदेश दिया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता के पिता ने 13 मार्च 2022 को थाना विनायका में रिपोर्ट लेख कराई कि 12 मार्च 2022 को वह उसकी पत्नी एवं उसकी लड़की पीड़िता रात्रि में खाना खाकर सो रहे थे 13 मार्च 2022 के रात्रि 2 बजे उसकी नींद खुली तो उसे बालिका पीड़िता नहीं मिली उसने अपनी पत्नी को जगाया और बालिका को आसपास एवं रिश्तेदारों में पीड़िता की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़िता के पिता ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। 1 अप्रैल 2022 को बालिका के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथन में बताया कि अभियुक्त संतोष लोधी बहला फुसलाकर उसे मड़वरा ले गया था और वहीं पर अभियुक्त द्वारा उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाये गये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

# किराना दुकान का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दमोह माधवी बुधौलिया ने पथरिया नगर के दमोह रोड पर शासकीय शराब दुकान के पास स्थित पुष्पेंद्र किराना का औचक निरीक्षण किया। उक्त किराना दुकान से ग्राहकों को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री को बेचने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुष्पेंद्र किराना का निरीक्षण किया गया जिसमें मौके पर किराना दुकान में विक्रय हेतु संग्रहित कुरकुरे, नूडल्स, चिप्स, फ्रायम्स सहित अन्य खाद्य सामग्री खाद्य तेल, मसाले, नमकीन, दाल, चावल, आटा आदि की जांच की गई। जांच में उक्त किराना दुकान में एक्सपायरी डेट की किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री का भंडारण एवं विक्रय होते नहीं पाया गया। मौके पर किराना दुकान संचालक को परिसर में शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री का भंडारण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए। मौके पर विक्रेता के पास खाद्य लाइसेंस, फॉस्टैक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट आदि पाए गए।

# निगमायुक्त ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सागर, देशबन्धु।** दशहरा पर्व के मौके पर लेहदरा नाका बड़ी नदी पर दुर्गा विसर्जन स्थल की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देश अनुसार आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है और विसर्जन स्थल पर साफ सफाई, लाइट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाने लगी हैं ताकि समय पूर्व तैयारी पूर्ण हो सके। लेहदरा नाका विसर्जन स्थल पर आवश्यक साफ सफाई एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराने और मूर्ति विसर्जन हेतु आवश्यकता अनुसार नदी में पानी रोकने तथा जिन मार्गों से चल समारोह निकलना हैं उन मार्गों के गड्डे भरवाने, स्थल पर आवश्यकता अनुसार लाइट तथा टेंट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिमा विसर्जन कार्य करने हेतु दो नाव और 10 नाविक समस्त सुरक्षा उपकरणों के साथ विसर्जन प्रारंभ होने से लेकर विसर्जन समाप्ति तक स्थल पर मौजूद रहेंगे, इसके अलावा अग्निशमन वाहन भी स्थल पर तैनात रहेगा तथा जेसीबी मशीन विसर्जन हेतु लाई गई प्रतिमाओं से निकलने वाले प्लास्टिक बांस, लकड़ी, फूलमाला, घास आदि निकलवा कर स्थल पर ही ट्रॉली में एकत्रित कर स्वच्छ स्थान पर डलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से लाखा बंजारा झील और छोटी झील पर भी एक-एक तैराकों का दल भी तैनात करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने हेतु सहायक आयुक्त राजेश सिंह राजपूत को नोडल अधिकारी बनाया गया है जो जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ समन्वय कर विसर्जन स्थल पर एक दिन पूर्व समस्त व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करेंगे।

# मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**बांदरी, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बांदरी के द्वारा नगर के विभिन्नर वार्डो में मतदाता जागरूकता अभीयान चलाया गया। जिसमें मतदाता जागरूकता हस्ता क्षर अभीयान चलाकर नगर के सभी नागरिक को मतदान करने के लिए जागरूक किया इस अभीयान में बांदरी कालेज के नए बने मतदाता प्रतिभागी बनते हुये हस्ता क्षर किये व अन्या लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीएमओ राजेश मेहतेले ने कहा मतदान हर नागरिक का अधिकार है और कर्तव्य भी है नागरिकों को उनके अधिकार व कर्तव्य के प्रति मत का उपयोग अस्व य करना चाहिए।

# काली चौराहा पर विराजी माता रानी का 34 वां वर्ष




**शाहगढ़, देशबन्धु।** नवरात्रि महोत्सव के दौरान हर दिन झांकियों का आयोजन समितियों द्वारा किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर सजाई गई झांकियों में हिंदू संस्कृति को दर्शाया गया। इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। नवरात्रि महोत्सव का यह काली चौराहा समिति का यह 34 वां वर्ष है। मातारानी की आरती के लिए बालिकाओं का गरबा नृत्य भक्ति संगीत में प्रतिदिन माता के भक्त शामिल होकर माता की भक्ति आराधना कर रहे हैं।

# गरबा नृत्य कर महिलाओं ने दिया भक्ति और शक्ति का परिचय



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि के चलते श्रद्धालु शक्ति की भक्ति में लीन है। मातारानी को प्रसन्न करने श्रद्धालु उपवास कर मां की आराधना कर रहे हैं। इसी के चलते हाईस्कूल रोड स्थित दिव्या दुर्गा उत्सव समिति द्वारा गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मातारानी के भजनों पर डांडिया गरबा किया। महिलाओं ने बताया कि गरबा नृत्य मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है और नई ऊर्जा से भरने वाले होते हैं। ऐसे आयोजन हमारी सभ्यता और संस्कृति को संजोने में बहुत कारगर होते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर की महिलाएं मौजूद थी।

# हूटर, सर्च लाईट, बिना परमिट एवं नेम प्लेट लगे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही, 32 वाहनों से 18,500 रुपए पेनाल्टी वसूल



**सागर, देशबन्धु।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन अमले के साथ निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार जिन वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट एवं नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा है, उनके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गये है। इस संबंध में बुधवार 18 अक्टूबर को बहेरिया तिराहा एवं शहरी क्षेत्र में लगभग 68 वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से 32 वाहनों में विभिन्न दलों के पदाधिकारियों द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, सर्च लाईट, ओव्हरलोड एवं नेम प्लेट का उपयोग करते पाये गये, जिन्हें मौके पर निकलवाये गये। साथ ही उक्त 32 वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर 18,500 रुपए जुर्माना वसूल कर छोड़ा गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने समस्त वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे अपने वाहनों के संचालन के दौरान वाहन से संबंधित समस्त दस्तावेजों यथा बीमा, फिटनेस, परमिट, पंजीयन कार्ड, वाहन चालक का हैवी ड्रायविंग लायसेंस, टैक्स प्रमाण पत्र, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि अनिवार्य रूप से साथ में रखे।

## सार समाचार

### मेडिकल संचालक ने कैंसर मरीज के लिए किया रक्तदान



**छतरपुर, देशबन्धु।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी दी की नौगांव निवासी वृद्ध कैंसर की समस्या से जूझ रहे है जिनका डायलिसिस होना था जिसके लिए ब्लड की अनिवार्यता रहती है परिवार रिश्तेदार दोस्त सभी ब्लड की मदद कर चुके हैं। परिजनों ने आपाजी ब्लड ग्रुप से मदद मांगी। ग्रुप की ओर से यह जानकारी राकेश मेडिकल के संचालक अर्जुन अग्रवाल को दी गई। उन्होंने बिना विलंब किए जिला अस्पताल के ब्लड बैंक आकर रक्तदान किया। अर्जुन अग्रवाल पहले भी कई बार रक्तदान कर पीड़ितों को अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### नदी के तेज बहाव में बाईक सहित बह गया वृद्ध, तलाश जारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेरहवीं में ललार आया वृद्ध रिपटा पार करते समय बाईक सहित तेज पानी में बह गया जिसकी पुलिस द्वारा तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार सूरजपुरा निवासी 60 वर्षीय छोटेलाल अहिरवार बीते रोज दशरथ अहिरवार के यहां तेरहवीं में ललार आ रहा था तभी ललार के पास बने केन नदी के रिपटा में तेज पानी बह रहा था। वृद्ध ने बाईक सहित रिपटा पार करने की कोशिश की जिससे वह नदी के तेज बहाव में मोटर साईकिल सहित बह गया। रेस्क्यू टीम सुबह से वृद्ध की तलाश कर रही है। वहीं पुलिस भी मौके पर मौजूद है लेकिन वृद्ध का कुछ पता नहीं चल सका।

### मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंच रहे सैकड़ों श्रद्धालु



छतरपुर। नवरात्र के पर्व पर जिले भर में श्रद्धालु भक्ति में डूबे हैं। जगह-जगह मां दुर्गा के पण्डाल सजाए गए हैं जहां नियमित रूप से कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शहर के वार्ड नं. 22 नरसिंहगढ़पुरवा में सजा मां दुर्गा के पण्डाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मां निरंकारी नवदुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने बताया कि भक्तिभाव के साथ माता की पूजा अर्चना की जाती है। सांध्यकालीन आरती में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि वे कई वर्षों से मां दुर्गा की स्थापना कर रहे हैं। सांध्यकालीन आरती के दौरान अनुज नायक, सानू नायक, शेखर कुशवाहा, ऋतिक, अभिषेक नायक, अनिरुद्ध शर्मा, गोविंद तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

रिश्तों में खूनी संघर्ष

# भांजे ने मामा को मार दी गोली



**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव थाना अंतर्गत ग्राम अचट्ट में विवाद के चलते भांजे ने मामा को कट्टे से गोली मार दी जिससे मामा बुरी तरह घायल हो गया। मामा को नौगांव में प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रिफर किया गया है जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार नौगांव थाने के ग्राम अचट्ट में मंगलवार की रात आरोपी भांजे रघवीर चढ़ार ने ट्रेक्टर से मामा बच्ची चढ़ार उम्र 50 वर्ष का बिजली का तार तोड़ दिया जिस पर दोनों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी भांजे रघवीर चढ़ार ने अपने मामा पर कट्टे से फायर कर दिया जिससे गोली बच्ची चढ़ार के सीने में जा धंसी। परिजनों की मदद से घायल को नौगांव के अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। बताया जा रहा है कि मामा-भांजे का पूर्व में जमीनी विवाद भी हुआ था। चूंकि दोनों के खेत आपस में लगे हुए हैं। इससे आए दिन विवाद की स्थिति बनती है।

**इनका कहना**

*नौगांव थाने अंतर्गत ग्राम अचट्ट में बीती रात किसी बात को लेकर भांजे द्वारा मामा को गोली मारे जाने की घटना सामने आयी थी। पुलिस ने आरोपी रघवीर चढ़ार को गिरफ्तार कर लिया है। घायल की हालत में अब सुधार है।*

***विक्रम सिंह, एएसपी, छतरपुर***

सौ से ज्यादा जिला बदर, 4 पर रासुका

# ढाई हजार लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाई



- शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सख्त हुआ प्रशासन
- 79 टीमें करेंगी छापामार कार्यवाही

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर संदीप जीआर और एसपी अमित सांघी ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। भय, आतंक और प्रलोभन से चुनावों को प्रभावित न किया जा सके इसके लिए प्रशासन ने तगड़ी तैयारी कर ली है। अपराधी और बदमाश चुनावों से दूर रहें इसके लिए ऐसे असामाजिक तत्वों के विरूद्ध भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उदाहरण के लिए पिछले एक महीने के भीतर ही जिले में 100 से ज्यादा बदमाशों को जिला बदर कर दिया गया है। 4 बदमाशों पर रासुका लगाई गई है तो वहीं लगभग ढाई हजार लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक चुनावों को पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाने के लिए अब तक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के 1833 केस बनाए गए हैं। इनमें 2509 व्यक्ति शामिल हैं। जिले में 929 लोगों पर बाउण्ड ओवर और 1263 लोगों पर अन्य प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर उन्हें चेतावनी दी गई है। 103 लोगों के जिला बदर कर दिए गए हैं जबकि इतने ही लोगों के जिला बदर हो सकते हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक चुनाव में अवैध शस्त्रों के उपयोग को रोकने के लिए भी बड़ी कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसमें पिछले दिनों दो कट्टा फैक्ट्रियों पर छापेमारी कर अवैध हथियार पकड़े गए। अवैध शराब के मामले में भी अब तक अलीपुरा, गढ़ीमलहरा, हरपालपुर पुलिस के द्वारा लगभग 20 लाख रूपए से अधिक की शराब पकड़ी जा चुकी है। नगदी के लेनदेन को रोकने के लिए भी टीमें सक्रिय की गई हैं। सटई और कोतवाली पुलिस ने लगभग 6 लाख रूपए की नगदी को पकड़कर उसकी जांच शुरू की है। जिले में 54 फ्लाईंग स्कॉड टीमें एवं 25 खर्च का लेखा-जोखा जांचने वाली टीमें बनाई गई हैं। इन्हें एफएसटी और एसएसटी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 1586 मतदान केन्द्र हैं इनमें 444 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील और 49 मतदान केन्द्रों को अतिसंवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है।

मुनि की आज्ञा मिलते ही श्रीराम ने तोड़ा शिवधनुष

# जानकी ने पहनाई श्रीराम को जयमाला




**महाराजपुर, देशबन्धु।** नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय कलाकार धारावाहिक रामायण श्रीराम की जीवन लीला पर आधारित वर्णन को अपने अभिनय से मंच पर जीवित कर रहे हैं। बीती शाम धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद हुआ व रावण बाणासुर संवाद की लीला का मंचन किया गया। मिथिला नरेश जनक अपनी पुत्री जानकी के विवाह के लिए स्वयंवर रचाते हैं इसके लिए देश विदेश के राजा महाराजाओं को आमंत्रित किये गए थे। राजा जनक ने कहा कि जो भी राजा भगवान शिवजी का धनुष तोड़ेगा उसी से हमारी पुत्री जानकी विवाह करेंगी। सभी राजा शिवधनुष के पास वारी वारी से आए लेकिन कोई भी शिवधनुष को हिला भी नहीं सके। इसी दौरान रावण का बाणासुर से हुआ संवाद दर्शकों को लुभाया। दशरथ नंदन लक्ष्मण को क्रोध आता है और वह अपने अनुज श्री राम की ओर देखते हैं फिर गुरु विश्वामित्र की ओर वह विश्वामित्र जी से कहते हैं कि हे मुनिवर आप आज्ञा दें अब और अपमान नहीं सहा जाता इस पर विश्वामित्र जी श्री राम को इशारा करते हैं श्री राम शिव धनुष को नमन वंदन कर दोनों हाथों में उठाते हैं और उसे तोड़ देते हैं जनक दुलारी जानकी श्री राम को जयमाला पहनाती है।

### इन कलाकारों ने निभाय किरदार

श्री राम का अभिनय विपिन तिवारी, लक्ष्मण अतुल चौरसिया, जानकी सीता प्रभात चौरसिया, रावण का किरदार समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद चौरसिया, बाणासुर का विनोद चौरसिया, नित्य कला में देविका त्रिवेदी, परशुराम का किरदार धर्मेंद्र गुप्ता, जनक दीपू चौरसिया सहित अन्य अनुभवी कलाकारों ने भाग लिया।

# विधायक आलोक चतुर्वेदी ने किया आधा दर्जन ग्रामों में जनसंपर्क



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए कांग्रेस द्वारा प्रत्याशी घोषित किए गए वर्तमान विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया के द्वारा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क शुरू कर दिया गया है। इन जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से वे गांव और शहर में घर-घर जाकर लोगों को अपनी पांच वर्ष की सेवाएं बताते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर हमला कर रहे हैं। बीते रोज विधायक आलोक चतुर्वेदी ने ग्राम बंधीकला, सैलापुरवा, सलैया, अचट्ट, नदनपुर, कीरतपुरा, बरा आदि में पहुंचकर जनसंपर्क किया। वहीं बुधवार को छतरपुर शहरी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 4 एवं 5, ग्रामीण क्षेत्र लहेरा, श्यामाझोर, टुडर् एवं गोरा में चुनावी चौपालें लगायीं।

इन चौपालों के दौरान विधायक आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से जनता की सेवा कर रहे हैं। पांच वर्षों से विधायक रहते हुए गांव और शहरों में जनता के सुझावों पर अनेक विकास कार्य कराए तो वहीं निजी स्तर पर भी चाचा की रसोई, कोरोनाकाल में ऑक्सीजन बैंक, बेटियों के विवाह, केजीपीएल टूर्नामेंट जैसे आयोजन किए हैं।

उन्होंने कहा कि हम सेवा और ईमानदारी की राजनीति करते हैं जबकि भाजपा भ्रष्टाचार और घोटाले की राजनीति करती है। भाजपा के 18 वर्ष के कार्यकाल में कमीशन और भ्रष्टाचार का ग्राफ इतना बढ़ गया है कि आम जनता इससे त्रस्त हो चुकी है। यदि इस बार भी भाजपा की सरकार बनी तो फिर कमीशन और घोटाले होंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही इस सरकार को उखाड़ फेंके। विधायक के जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता भी उनका गर्मजोशी से स्वागत कर रही है। कई स्थानों पर विधायक का तुलादान किया जा रहा है।

# पर्यावरण को बचाने का संदेश दे रही यह झांकी

### सिद्धिविनायक नवदुर्गा उत्सव समिति ने बनाई अनूठी झांकी



**छतरपुर, देशबन्धु।** समूचे बुंदेलखंड में अनोखी झांकी सजाने के नाम पर प्रसिद्ध छतरपुर बस स्टैंड की सिद्धिविनायक नवदुर्गा उत्सव समिति ने इस बार फिर समाज को संदेश देने वाली देवी प्रतिमा स्थापित की है। इस झांकी में एक ओर मां दुर्गा झूले पर सवार हैं तो वहीं दूसरी तरफ भगवान शंकर, गणेश, शेर और नंदी भी सुशोभित हो रहे हैं। इसी प्रतिमा के एक तरफ कुछ लोगों को वृक्ष काटते हुए दिखाया गया है और एक व्यक्ति वृक्ष काटने वाले को वृक्ष काटने से मना कर रहा है। इस झांकी के माध्यम से पर्यावरण और वृक्षों को बचाने का संदेश दिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी ने बताया कि हम कई सामाजिक संदेशों को लेकर यहां मूर्तियां स्थापित कर चुके हैं। इस बार पर्यावरण बचाओ और वृक्ष लगाओ मुहिम को देखते हुए हमने झांकी सजाई है। वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत अधिक जरूरी हैं वृक्ष हमें छाया के साथ फल और ऑक्सीजन देते है साथ ही पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते है। प्रत्येक व्यक्ति को वृक्ष जरूर लगाना चाहिए।

# गली मोहल्लों में लगे कचड़े के ढेर, लोग गंदगी से परेशान



- नगर परिषद जिम्मेदारो को नही है कोई चिंता

**हरपालपुर, देशबन्धु।** हिन्दुओ के महापर्व नवरात्र के पवित्र माह चल रहा है आगामी त्यौहारों पर विशेष रूप से साफ सफाई की व्यवस्था की जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन की है लेकिन आलम ये है कि वार्ड में गन्दगी के ढेर लगे है जिससे लोगो को निकलने में अच्छी खासी परेशानी से गुजरना पड़ रहा है । प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक है तो दूसरी ओर नवरात्र पर्व का चौथा दिन चल रहा है यहाँ सुबह के वक्त लोग उचे पर्वत पर विराजी माँ अदिकुवारी के दर्शन के लिये दर्शनार्थी भारी संख्या में लोग दर्शन करने के लिये जाते है तो दूसरी ओर छोटी कुटी में शाम के 6 बजे से लोग पहुँचते है नगर में हर गली मोहल्ले माता रानी के पंडाल भी सजाए गये है ऐसे में चाहे घर हो या बाहर,हर कोई इन दिनों सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से महत्व देते है लेकिन इधर स्वच्छता अभियान को पलीता लगाया जा रहा है हर कोई इन दोनों सफाई को अहमियत देता है लेकिन नगर परिषद के जिम्मेदार इस संबंध में लापरवाह बने हुए हैं नगर के भीतर जगह गंदगी पसरी हुई है पर्व पर भी सफाई व्यवस्था में लापरवाही नजर आ रही है बाजार से लेकर मोहल्लों में बुधवार को दोपहर तक पूरा कचर पसरा नजर आया नालियों की सफाई नहीं होने से गंदगी फैली है मंदिरों की आसपास की सड़कों की मरम्मत को लेकर भी नगर पालिका के अधिकारी संजीदा नहीं है इससे लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है सफाई व्यवस्था में भारी लापरवाही नजर आई स्थानीय लोगों ने मोहल्ले सड़कों और नालियों की सफाई करने की मांग नगर पालिका के अधिकारियों से की है।

आज 5 दिवसीय गरबा महोत्सव का होगा आगाज

# दुर्गा आरती के साथ शुरू होगा गरबा महोत्सव



**छतरपुर, देशबन्धु।** हिंदू उत्सव समिति का पांच दिवसीय गरबा महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा की आरती के साथ इस रंग महोत्सव का आगाज हो रहा है। पिछले एक पखवाड़े से अभ्यास कर रहे प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति देने का अवसर मिल रहा है।

हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 के खेल मैदान में समिति का गरबा महोत्सव शुरू हो रहा है। महिलाएं, बच्चियां और युवतियां लगातार इस महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए अभ्यास करती रही है। अब तैयारी के बाद प्रस्तुति का समय आया है। समिति के मंच से अपने हुनर का प्रदर्शन करने का न केवल अवसर मिल रहा है बल्कि माता की आराधना करने का भी मौका मिल रहा है। ये आयोजन पंचमी से नवमी तक सायं 7 बजे से रात्री 10 बजे तक आयोजित किया जायेगा। 500 से अधिक प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। बीती शाम कार्यक्रम की फाइनल प्रेक्टिस की गई और प्रतिभागियों को परिचय पत्र बांटे गए। कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरुकता से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएँगे। उल्लेखनीय है कि गुजरात का डांडिया गरबा नृत्य मां की आराधना के लिए पूरे देश में जाना जाता है।बुंदेलखंड में जब लोग गरबा डांडिया की एबीसीडी नहीं जानते थे उस समय से हिंदु उत्सव समिति यह आयोजन करती चली आ रही है। समिति की नारी शक्ति द्वारा गरबा महोत्सव के लिए दिन रात एक किया गया। नारी शक्ति की बरखा मिश्रा ने बताया कि नवरात्रि के पहले से ही गरबा महोत्सव में शामिल होने वाली बच्चियों में बेहद उत्साह होता है और वह इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए एक-एक पल देने के लिए आतुर रहती है।

तैयारियां पूरी, महिलाएं और युवतियां बढ़ चढ़कर ले रहीं हिस्सा

# नवरात्र पर्व : 20 को होगा गरबा महोत्सव का आयोजन



**नौगांव, देशबन्धु।** शारदेय नवरात्र पर होने वाले एक दिवसीय गरबा महोत्सव के आयोजन को लेकर पिछले एक सप्ताह से चल रही तैयारियां पूरी हो गई है। जिसको लेकर बुधवार की शाम को आयोजन स्थल पर समिति के द्वारा फाइनल रिहर्सल की गई। इसके पहले प्रतिदिन प्रशिक्षकों के द्वारा महिलाओं,युवतियों को गरबा की रिहर्सल कराते हुए गरवा में दक्ष बनाया गया।

शारदीय नवरात्र महा पर्व पर नगर में हर साल की भांती इस वर्ष भी अभिव्यक्ति ग्रुप की महिलाओं और युवतियों द्वारा एक दिवसीय गरबा महोत्सव का आगाज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को लेकर नगरपालिका टाउन हाल में पिछले एक सप्ताह से गरबा महोत्सव में भाग लेने वाली महिलाओं और युवतियों को कलाकारों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अभिलाषा शिवहरे ने गरबा उत्सव की समिति ने जानकारी देते हुए बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय गरबा महोत्सव की धूम देखने को मिलेगी,जिसके लिए प्रेक्टिस की तैयारियां पूरी हो गई है। गरबा महोत्सव को भव्य रूप से मनाने के लिए कलाकारों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमे प्रशिक्षित महिलाओं एवं युवतियों द्वारा शारदीय नवरात्र के महापर्व पर 20 अक्टूबर को एक दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए बताया है कि 130 बच्चियों इस बार अभिव्यक्ति ग्रुप में भाग ले रही है तो वहीं अभिव्यक्ति ग्रुप की 23 मेंबर भी इस गरवा महोत्सव में भाग लेंगी। जिसमें गरबा उत्सव समिति की महिलाओं और युवतियों और नन्हे मुन्हे बाल कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गरबा महोत्सव की झलकियां देखने को मिलेगी साथ ही सर्वश्रेष्ठ गरबा करने वाली महिलाओं एवं युवतियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बुधवार को अंतिम रिहर्सल के दौरान अर्पिता शिवहरे, खुशी ठाकुर, दर्शिका जैन, अनुधा शिवहरे, आस्था जायसवाल, शिवानी सेन, मानसी सोनी, आकांक्षा सक्सेना , खुशी गुप्ता एवं सैकड़ो बच्चियों मौजूद रही है।

बुंदेलखंड क्षेत्र की 119 वर्ष प्राचीन श्री राम लीला

# धूमधाम से निकाली गई श्रीराम की बारात

- ब्रम्हा, विष्णु, महेश सहित कई देवता रहे रथ पर सवार



**नौगांव, देशबन्धु।** बुंदेलखंड क्षेत्र के नौगांव नगर की ऐतिहासिक श्री रामलीला के 119 वें वर्ष के आयोजन चलते बीते मंगलवार की रात धनुष यज्ञ की लीला के पश्चात बुधवार की दोपहर 3 बजे से राम बारात निकलना शुरू हुई। भगवान राम की बारात शहर में घूमती हुई वापस रामलीला मंच पर पहुंची जहां मिथला रीतिरिवाज से कुंवर कलेवा हुआ। नगर में बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत एवं पुष्प वर्षा कर भगवान का टीका कर आरती की गई।

बुंदेलखंड की प्रसिद्ध 119 वर्ष पुरानी श्रीरामलीला के चलते शहर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात धूमधाम से निकाली गई।

राम बारात दोपहर 3 बजे से ढोल, नगाड़े, गाजे-बाजे एवं डीजे के साथ श्री रामलीला मैदान से बारात प्रारंभ होकर सैय्यद ब्रदर्स चौराहा, कल्याण चौराहा, गिरधर लाल मंदिर, खोखो माता मंदिर, रामा एंड कम्पनी चौराहा, जामा मस्जिद, मातेश्वरी चौक, देवी मंदिर, तहसील चौराहा, पीपल चौराहा, गणेश मंदिर, पीडब्लूडी , वीरेन्द्र कॉलोनी, स्टेडियम तिराहा, पुराना बिजली ऑफिस होते हुए, गणेश मंदिर, मंशा देवी, नगर पालिका चौराहा, बंटा शेठ चौराहा होते हुए भट्ट बंगला, रामकुटीर चौराहा, गर्ल्स स्कूल चौराहा, एक्सचेंज चौराहा, पोस्ट ऑफिस होते हुए कोठी चौराहा होकर होते हुए वापिश राम लीला मंच पर पहुंची। बारात भ्रमण के दौरान जहां से गुजरी वहां बारात का जोरदार स्वागत किया, सभी बारातियों का फल मीठा से स्वागत किया गया एवं जगह जगह पर भगवान राम की आरती उतारी गई। बारात रामलीला मंच पर पहुंची तो चारों भाई राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का मिथला रीतिरिवाज से कुंवर कलेवा किया गया एवं मिथिला रीति रिवाज के द्वारा भगवान का गान का गायन सुनाया गया इसके बाद गुरु वशिष्ठ सहित चारों दूल्हा सरकार की आरती उतारी एवं प्रसाद वितरण किया गया।

देशबन्धु

सागर, गुरूवार 19 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन


## राहुल गांधी का अदानी पर नया हमला

यह आरोप लगाकर कि केन्द्र सरकार द्वारा देशवासियों को महंगी बिजली बेचने का उद्देश्य गौतम अदानी को फायदा पहुंचाना है, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मुश्किल में डाल दिया है। मोदी और अदानी के रिश्तों को लेकर राहुल पिछले लम्बे समय से अनेक खुलासे करते आ रहे हैं जिसके चलते मोदी समेत पूरी भारतीय जनता पार्टी की भरपूर किरकिरी हो चुकी है। यह मामला न केवल भारत में वरन विदेशों में भी गूंज रहा है। संसद के भीतर हो या बाहर, राहुल और उनकी पार्टी इस मुद्दे को लेकर मोदी की घेराबन्दी करती आ रही है। नये आरोप यानी मोदी-भाजपा की नयी मुसीबत।

बुधवार को राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रसिद्ध अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' में छपी एक रिपोर्ट का हवाला देकर आरोप लगाया कि अदानी ने 12 हजार करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उनका यह भी कहना था कि अदानी की वजह से ही देशवासियों को महंगी बिजली मिलती है। उनके मुताबिक अदानी इंडोनेशिया से कोयला खरीदते हैं और उसका भाव हिन्दुस्तान में दोगुना हो जाता है। अदानी कोयले की कीमत को गलत दिखाते हैं। कांग्रेस नेता का कहना है कि 'लोग जैसे ही बिजली का स्विच ऑन करते हैं, अदानी की जेब में पैसा जाता है। अदानी की रक्षा भारत के प्रधानमंत्री कर रहे हैं। दुनिया के बाकी देशों में जांच हो रही है लेकिन भारत में अदानी को कोरा चेक दिया गया है। अदानी जो चाहे कर सकते हैं।' राहुल का साफ कहना था कि 'लोग 12 हजार करोड़ रुपये का यह आंकड़ा याद रखें।' उन्होंने सवाल किया- 'पीएम अदानी की जांच क्यों नहीं कराते?'

उल्लेखनीय है कि राहुल पिछले वर्ष कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कई बार मोदी व अदानी के बीच सांठ-गांठ का आरोप लगाते रहे। इतना ही नहीं, लोकसभा में भी उन्होंने इस मामले को दमदार तरीके से उठाया था। अदानी के हवाई जहाज में बैठकर प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण के लिये दिल्ली आ रहे मोदी की तस्वीर भी उन्होंने संसद में लहराई थी। इसके चलते खूब हंगामा हुआ था। उनके भाषणों के वे हिस्से विलोपित कर दिये गये थे, जिनमें राहुल ने मोदी-अदानी के रिश्तों तथा इस व्यवसायी के कथित घोटालों की पोल खोली थी। इस सबके चलते गुजरात की एक कोर्ट में 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिये गये एक भाषण को आधार बनाकर राहुल के खिलाफ दाखिल अवमानना मामले की आनन-फानन में सुनवाई कर उन्हें दो साल की सज़ा दिला दी गई थी। उतनी ही तेज गति से उनकी लोकसभा की सदस्यता छीन ली गई थी। करीब चार माह सदन से बाहर रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनकी सजा पर लगाई गई रोक से सदस्यता बहाल हुई थी।

वैसे सदन के भीतर, सदस्यता के निलम्बन के दौरान, वापस आने के बाद और तत्पश्चात सदन के बाहर राहुल की अदानी को लेकर घेराबन्दी हमेशा जारी रही। मोदी शासनकाल में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर बने अदानी को लेकर हिन्डनबर्ग की रिपोर्ट ने मोदी व अदानी को संकट में तो डाला ही था, राहुल को और भी हमलावर बना दिया। उनके बयानों तथा अदानी पर उनके आरोपों की एक तरह से पुष्टि पहले हिन्डनबर्ग रिपोर्ट से हुई। पहले भी प्रतिष्ठित समाचारपत्र 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने अदानी को लेकर बड़े खुलासे किये थे। उसी कड़ी के रूप में अब यह नयी रिपोर्ट आई है जिसके आधार पर राहुल ने ताजा हमला बोला है। निश्चित है कि इससे मोदी और केन्द्र सरकार पर नये सवालिया निशान उठेंगे।

फिर, मोदी पर राहुल का नया आक्रमण ऐसे वक्त पर हो रहा है जब पांच राज्यों की विधानसभाओं के लिये अगले महीने चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा ये सभी चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ रही है जिनमें उन्हें एक सफल व साफ-सुथरी छवि का नेता के रूप में प्रोजेक्ट किया जा रहा है, वैसे ही जिस प्रकार से पिछले एक दशक से होता आया है। हालांकि उनकी यह छवि पहले ही काफी कुछ दरक चुकी है। साथ ही वे सभी मोर्चों पर पूर्णत: नाकाम प्रधानमंत्री भी साबित हो चुके हैं। फिर भी सरकार व संवैधानिक संस्थाओं पर अपनी मजबूत पकड़, संगठन पर एकाधिकार तथा पिछलग्गू मीडिया के बल पर वे अपनी छवि को कथित रूप से यशस्वी पीएम की बनाये रखने की कोशिश करते हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी के नेतृत्व में भाजपा हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में चुनाव हार चुकी है और भाजपा पर भ्रष्टाचारियों के साथ मिलकर राज्य की सरकारें बनाने के आरोप हैं, राहुल के नये आरोपों से मोदी की परेशानियां बढ़ना तय है। पहले ही यह माना जा रहा है कि राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की गुंजाइश शून्य है, जिसका असर अगले साल के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों पर पड़ेगा। राहुल के इन आरोपों में अगर विपक्षी गठबन्धन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) ने भी अपने सुर मिलाए तो इसकी गूंज निश्चित ही दूर तलक जाएगी। मोदी व भाजपा को होने वाला नुकसान केवल 5 राज्यों तक सीमित न रहकर सभी तरफ होगा। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक पहले ही कह चुके हैं कि 'अदानी का पैसा दरअसल मोदी का पैसा है और मोदी व भाजपा 2024 का चुनाव अदानी की वजह से हारेंगे।' क्या मलिक की बात सच साबित होने जा रही है? संकेत तो ऐसे ही दिखते हैं।

# जैतून की टहनी का इंतजार

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

ओ गाज़ा के शैतान बच्चो,
तुम, जो लगातार मेरी खिड़की के नीचे आकर चिल्लाते हो
और अपने शोर से मुझे परेशान करते हो
तुम, जो हर सुबह को भागदौड़ से बेतरतीब बना देते हो
तुम, जिन्होंने मेरे प्यारे गुलदान को तोड़ दिया
और तोड़ लिया मेरे बागीचे में लगे इकलौते फूल को
वापस आ जाओ, और चिल्लाओ जी भर के
तोड़ दो सारे गुलदानों को, चुरा लो सारे फूलों को
लेकिन वापस आ जाओ, बस वापस आ जाओ।

फिलिस्तीन कवि, खालिद जुमा
(अंग्रेजी से अनुवाद लेखिका द्वारा)

खालिद जुमा की ये कविता दुनिया के हर शांतिप्रिय इंसान के दिल की आवाज लगती है। बच्चों का शोर घरों से उठकर गलियों, मोहल्लों में होता रहे। किसी की बालकनी में गेंद चली जाए, किसी की खिड़की का शीशा क्रिकेट खेलने में टूट जाए। इन सबसे भले कुछ देर की परेशानी होती है, खीझ होती है, शैतान बच्चों पर गुस्सा आता है, उनके मां-बाप तक शिकायत पहुंच जाती है। लेकिन फिर भी ये शोर और शिकवे-शिकायतें, उस चुप्पी से लाख गुना बेहतर है, जो बमों और राकेटों के धमाकों के बाद चारों ओर पसर जाती है।

बच्चों को स्कूल भेजने की जद्दोजहद में लगे मां-बाप, बरामदों में बैठकर अखबार पढ़ते बुजुर्ग, कचरा फेंकने पर दो पड़ोसियों के बीच की बहस, सड़कों पर निकलते फेरी वाले, गाड़ियों का शोर, बगीचों में चहलकदमी करते लोग, ऐसे कई दृश्य हमारे रोजमर्रा के जीवन में इतने रचे-बसे हुए हैं कि हमें इनकी अहमियत का अहसास ही नहीं होता। तमाम तरह की उलझनों से भरे, मामूली से लगने वाले इस जीवन की क्या कीमत है, ये जंग के शिकार लोग ही बता सकते हैं। फिलिस्तीन के गाज़ा जैसे इलाके के लोग ऐसे ही सामान्य जीवन के लिए अब न जाने कब तक तरसते रहेंगे। इजरायल के फिलिस्तीन पर हमले को दो हफ्ते होने आए हैं, लेकिन युद्ध विराम का कहीं कोई संकेत नहीं मिल रहा। बल्कि अब तो इजरायल सीधे-सीधे नरसंहार पर उतर आया है। युद्ध शुरु होते ही इजरायल की ओर से गाजा क्षेत्र में बिजली, पानी जैसी सुविधाओं की आपूर्ति रोक दी गई। संयुक्त राष्ट्र संघ ने नसीहत दी कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। लेकिन मौजूदा वैश्विक मंच पर संरा की भूमिका भी घर के उस बूढ़े सदस्य की तरह हो गई है, जिसकी बात लिहाज कर सुनी तो जाती है, लेकिन मानी नहीं जाती। हमास के खात्मे का बीड़ा इजरायली राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू ने उसी तरह उठाया है, जैसे 11 सितंबर के हमले के बाद अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने की कसम खा ली थी। लादेन को खत्म करने के फेर में पूरे अफगानिस्तान में तबाही मचा दी गई। 20 सालों बाद वही तालिबान फिर से अफगानिस्तान पर शासन कर रहा है, जिसे खत्म करने के लिए अमेरिका ने अपने हजारों सैनिकों को तैनात कर के एक लंबे युद्ध में अफगानिस्तान को झोंक दिया था। अमेरिका के हिसाब से लादेन पाकिस्तान में घर में घुसकर मार दिया गया। हालांकि उसके बाद लादेन की लाश का क्या हुआ, और आतंकवाद खत्म करने की कसम का क्या हुआ, इस बारे में कौन सवाल करे।

> अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफ़ूज़ रखना ही असली बहादुरी होती।

सवाल अगर किए जाते तो आज इजरायल वही खेल नहीं खेल रहा होता।

हमास को जड़ से उखाड़ने के नाम पर इजरायल रोजाना सैकड़ों फिलिस्तनियों को मार रहा है। साढ़े सात सौ से अधिक बच्चे इजरायल के हमले में मारे जा चुके हैं। इजरायल की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि इतने घंटे में ये इलाका खाली करो। जैसे कीड़ों-मकोड़ों के सफाए के लिए कीटनाशक का छिड़काव किया जाता है और खुद के मुंह में पट्टी बांध ली जाती है कि उसका नुकसान खुद को न हो, उसी अंदाज में राकेट और बमों का छिड़काव फिलिस्तीन पर करके वहां जीते-जागते इंसानों को कीड़ों की तरह ही खत्म किया जा रहा है। दो-दो विश्वयुद्धों की क्रूरता, हिटलर का कत्लेआम, हिरोशिमा-नागासाकी पर अणु बम से बरसाया गया कहर, ये सब कुछ पिछले सौ सालों में ही दुनिया ने देखा है। सभ्यता का विकास हुआ होता, तो दुनिया इतनी तबाही देखकर युद्ध से तौबा कर लेती। लेकिन हम तो सभ्यता को ठेंगा दिखाते हुए फिर से आदिम युग में लौटने की तैयारी कर रहे हैं। फर्क यही है कि हमने नाखूनों को काटना सीख लिया है, तो प्रहार करने के तरीके बदल गए हैं। अब चालाक इंसान मारक हथियारों से वार करता है, जिसमें इंसान ही नहीं इंसानियत के चिथड़े भी उड़ाए जा सकें। बारुदी हथियारों के अलावा अब झूठी खबरों का हथियार भी इंसान के पास है, और इन दोनों का मेल इतना जबरदस्त होता है कि फिर विरोधी पक्ष का तड़प-तड़प कर मरना तय है।

मंगलवार की रात को ही खबर आई कि इजरायल की वायुसेना ने गाजा के अल अहली अस्पताल पर रॉकेट दागे। इस हमले में कम से कम 5 सौ लोग मारे गए हैं। लेकिन इजरायल ये दावा कर रहा है कि ये हमला उसने नहीं हमास ने किया है। इस हमले का वीडियो भी इजरायल की ओर से जारी किए गए हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वैसी ही तस्वीर वाला एक और वीडियो सामने आया है, जो 2022 का बताया जा रहा है। यानी ये हो सकता है कि इजरायल जिसे हमास के अस्पताल पर हमले का वीडियो बता रहा है, वो पुराना वीडियो हो। हो सकता है इजरायल फेक न्यूज का सहारा लेकर अपनी करनी से बचने की कोशिश रहा है। क्योंकि इस समय दुनिया भर की अवाम फिलिस्तीन के हक में आवाज उठा रही है, खुद इजरायल के कई नागरिक अपनी सरकार से इस बात के लिए नाराज हैं कि वो फिलिस्तीन के आम लोगों को निशाना बना रही है। इजरायल की सरकार के साथ दुनिया के शक्तिशाली नेता तो खड़े दिख रहे हैं, लेकिन जनता की आवाज सरकारों की आवाज से अलग सुनाई दे रही है।

अस्पताल पर हमला करके इजरायल ने बता दिया है कि वह युद्ध बिना नियम-कायदे के लड़ने में यकीन करता है। हालांकि इसमें बहादुरी नहीं, कायरता दिखती है। बहादुरी तो तब होती, जब इजरायल आतंकवाद को समूल नष्ट करने की कोशिश करता। जो उत्पीड़न यहूदियों ने हिटलर के शासन में भुगता, जिस हिंसा का शिकार 7 अक्टूबर को त्योहार मनाते आम इजरायली लोग हुए, उस हिंसा से दुनिया को महफ़ूज़ रखना ही असली बहादुरी होती। मगर बेंजामिन नेतन्याहू की सरपरस्ती में इजरायल फिलिस्तीन को पूरी तरह नक्शे से मिटाने का एक खतरनाक खेल रहा है। धर्म, राष्ट्रवाद, बदला, नफरत सबका एक घातक कॉकटेल तैयार किया गया है, राहुल गांधी ऐसे ही कॉकटेल को कैरोसिन कहते हैं, जो एक बार छिड़क दिया जाए, तो फिर आग को भड़कने से कोई नहीं रोक सकता।

हमास के हमले के बाद इजरायल तुरंत युद्ध छेड़कर ये साबित कर चुका है कि उसकी दिलचस्पी शांति में कतई नहीं है। अगर होती तो हमास के खात्मे के तार्किक तरीके ढूंढे जाते, संयुक्त राष्ट्र संघ की विभिन्न एजेंसियों, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में जाने, आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसे कई और उपायों पर विचार किया जाता। मगर उससे तो समस्या के सुलझने का रास्ता तैयार होता और सत्ता की राजनीति को सुलझे तरीके रास नहीं आते हैं। चीजें उलझी रहें तो हर तरह से मुनाफा लिया जा सकता है। इजरायल यही कर रहा है और अब अमेरिका भी यही कर रहा है। हमेशा की तरह अमेरिका इस लड़ाई में कूद चुका है। जो बाइडेन ने साबित कर दिया है कि डोनाल्ड ट्रंप, बराक ओबामा जैसे अपने तमाम पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों की तरह वे भी अमेरिका की महानता के गुण गाते हुए पूरी दुनिया में लोकतंत्र की रक्षा का बीड़ा उठाएंगे और युद्धग्रस्त क्षेत्रों में दखलंदाजी करके एक पक्ष को अपना साथ देकर शांति का मसीहा बनेंगे। बराक ओबामा को तो शांति का नोबेल पुरस्कार मिल ही चुका है, अब शायद जो बाइडेन भी इजरायल का साथ देकर हमास को खत्म करने में मदद करके ऐसा ही कोई पुरस्कार अपने नाम करवा लें।

दुनिया का चौधरी बनने की अपनी फितरत से अमेरिका बाज नहीं आ रहा। इधर भारत शांतिदूत की भूमिका से पीछे हट ही चुका है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले दिन ही इजरायल पर हमले की आलोचना करते हुए साथ देने की बात कह दी। पांच दिन बाद विदेश मंत्रालय ने फिलिस्तीन के समर्थन में बयान दिया। घर में घुसकर मारने की बात से आह्लादित होने वाले लोगों को मोदीजी का रवैया अच्छा ही लगा। मगर सोचने वाली बात ये है कि फिलिस्तीनियों ने भारत का कभी कुछ नहीं बिगाड़ा है, फिर भारत में बहुत से लोग फिलिस्तीन के विरोध में क्यों हैं। क्या नफरत हमें हमारे घर में घुसकर मारना शुरु कर चुकी है। क्या हमें अपने सामान्य जीवन से ऊब होने लगी है, जो युद्ध में हम अपना रोमांच तलाशने लगे हैं। सत्ताधीश अपने सियासी फायदे के लिए चाहे जो खेल खेलें, मोहरा आम नागरिक ही बनते हैं। इसलिए युद्ध के बादलों के बीच अब उस कपोत को आवाज देनी होगी, जो जैतून की टहनी मुंह में दबाकर लाए और दुनिया को उसके हरेपन से भर दे।

# एक कमजोर रस्सी पर लटका है कर्नाटक जनता दल (एस) और भाजपा का संबंध

■ सुशील कुट्टी

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) बीच में बंट गई है। यदि संगठन के बाह्य रूप में नहीं, तो कम से कम मनभेद से। पार्टी के बड़े नेता सी एम इब्राहिम इस झगड़े के केंद्र में हैं, जिसने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और उनके बेटे, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाले गौड़ा परिवार को गठबंधन चुनने के लिए मुश्किल स्थिति में डाल दिया है, और उनके लिए ही दुखद है कि 'सार्वभौमिक राजनीतिक अछूत', भारतीय जनता पार्टी के साथ, जो लोकतांत्रिक दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी भी है।

अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है, भले ही राज्य पार्टी प्रमुख हर किसी को बता रहे हों कि यह मेरा रास्ता है या राजमार्ग।

> अब गौड़ा भी पार्टी में खतरनाक दरार के लिए जिम्मेदार हैं, जिसे कुछ लोग यह कहकर खुद को बेवकूफ बना रहे हैं कि यह विभाजन नहीं है, बल्कि केवल मतभेद है जो बनते-बनते विभाजन में तब्दील हो गया है। सबसे ख़राब स्थिति में, जेडी सेक्युलर एक जर्जर रस्सी से लटका हुआ है और अलार्म बजाने की कोई ज़रूरत नहीं है।

सी एम इब्राहिम कोई स्प्रिंग-चिकन नहीं हैं। न ही उनका जन्म कल हुआ था। वह जनता दल (सेक्युलर) का वर्तमान मुस्लिम चेहरा हैं। उनके कारण मुसलमानों के बहुत सारे वोट जद (एस) को मिलते हैं। अगर जनता दल (सेक्युलर) भाजपा के साथ बने रहने पर जोर देती है तो उसे उनके वोट से चूकना होगा जो पार्टी बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जब गुस्सा शांत होगा और इस विशेष नाटकीय घटनाक्रम पर धूल जम जायेगी, तो बेहतर समझ कायम होगी और पार्टी एकजुट रहेगी।

सही? नहीं गलत। गौड़ा कबीले की चुनौती को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। यह अवज्ञा है जो विभाजन से भी आगे जाती है। यह एक बेशर्म अधिग्रहण बोली है। पिता-पुत्र की जोड़ी एक कंप्यूटर चिप की तरह बदली जा सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के साथ गठबंधन करने का पार्टी का निर्णय एक तैयार बहाना है। सीएम इब्राहिम का कहना है कि उनका 'गुट' मूल है और गौड़ा का जद (एस) विभाजित है। किसी भी स्थिति में, भाजपा के साथ गठबंधन करने का मतलब है कि जनता दल अब 'धर्मनिरपेक्ष' नहीं रहेगा।

अगर किसी को अब भी आपत्ति है तो बता दें कि राज्य इकाई के अध्यक्ष के रूप में इब्राहिम को न केवल निर्णय लेने बल्कि उन्हें कर्नाटक में लागू करने का भी पूरा अधिकार था। इब्राहिम का फैसला है कि जद (एस) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में नहीं रहेगी और वह इस फैसले से एचडी देवेगौड़ा को अवगत कराने के लिए एक कोर कमेटी बनाने जा रहे हैं।

जनता दल (सेक्युलर) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष का विद्रोह हवा के साथ चलना तय है। अगर उनका फैसला जनता दल (सेक्युलर) में संभावित विभाजन का संकेत दे रहा है तो ऐसा ही होगा। जाहिर तौर पर आधा जनता दल (सेक्युलर) इब्राहिम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। 'मैं जद(एस) का कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष हूं,' यह हाल के दिनों में किसी द्वारा दिया गया सबसे जोरदार राजनीतिक बयान है।

तो, जनता दल (सेक्युलर) में विभाजन का ट्रेंड है। सीएम इब्राहिम के हवाले से कहा जा रहा है कि पार्टी ने 2024 का आम चुनाव लड़ने के लिए एनडीए में शामिल नहीं होने का फैसला किया है और पार्टी सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा की अब कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है। अब केवल उन विधायकों की संख्या गिनना बाकी है जो गौड़ा को गिराने में इब्राहिम के साथ शामिल हो गये हैं। इब्राहिम ने भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के फैसले को 'हमारा पहला निर्णय' करार दिया। दूसरा, देवेगौड़ा से भाजपा के साथ गठबंधन के लिए 'नहीं' कहने का अनुरोध करना था। कोर कमेटी देवेगौड़ा से मिलेगी और उन्हें बतायेगी कि जहां तक जनता दल (सेक्युलर) का सवाल है तो यह खेल भाजपा के लिए है।

देवेगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी ही थे जिन्होंने भाजपा के साथ जनता दल (सेक्युलर) का गठबंधन किया था। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा से मुलाकात की। दोनों दल गठबंधन पर मुहर लगाने ही वाले थे कि तभी इब्राहिम ने पूरे भाजपा-जनता दल (सेकुलर) समझौते पर पानी फेर दिया।

क्या भाजपा को इसका अनुमान था? बिल्कुल नहीं, जब तक जनता दल (सेक्युलर) ने ऐसा नहीं किया। इब्राहिम ने भाजपा के साथ-साथ गौड़ा को भी मुश्किल में डाल दिया है। उन्होंने अपनी गेंद गुगली के बराबर फेंक दी और इसने न केवल गौड़ा नेतृत्व को क्लीन बोल्ड कर दिया, बल्कि भाजपा को भी बाहर कर दिया। क्रिकेट में ऐसा कभी नहीं हुआ।

भाजपा मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनावों में उतर रही है और मतदाताओं के मन में जनता दल (सेक्युलर) के त्याग की यादें ताजा हैं। क्या जनता दल (सेक्युलर) का फैसला उन पांच राज्यों में मतदान पर अपनी छाप छोड़ेगा जहां चुनाव होंगे? इब्राहिम ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन उनकी 'सर्वसम्मत राय' है जो सदैव दिमाग में रहेगी और शायद प्रभाव भी डालेगी।

फिर यह फैसला रद्द नहीं किया जायेगा। कुमारस्वामी और देवेगौड़ा ग्रामीण परिदृश्य को उलट-पुलट कर सकते हैं लेकिन निर्णय कसौटी पर खरा उतरेगा। इब्राहिम ने कुमारस्वामी को 'भाई' और देवेगौड़ा को 'पिता' कहा और उन्होंने कहा, 'उन्हें मेरा संदेश है कि कृपया वापस आ जायें', जो पिता और पुत्र को बता रहा है कि जनता दल (एस) आपकी समझ से बाहर है। ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी ने अपना जुआठ उतार फेंका है। कम से कम एक राजनीतिक राजवंश लूप से बाहर है। यह भी सोचने के लिए है कि भाजपा, जो वंशवाद की इतनी विरोधी है, उसके साथ गठबंधन करने पर आमादा थी, चुनावी राजनीति की लूट के लिए एक वंशवाद का सहारा। विरोधाभास दिमाग चकरा देने वाला है।

### पावन प्रसंग

## प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पर्व

भगवान राम का जीवन इसीलिए युगांतकारी हो जाता है, क्योंकि उनके आगमन के साथ न केवल असुरता का अंत होता है, लंका का अंत होता है बल्कि रामराज्य का प्रारंभ भी होता है। अवतारों के अवतरण का उद्देश्य ही यह होता है अपने जीवन के माध्यम से ऐसे उदाहरण जनसामान्य के सम्मुख रखते हैं कि जिनसे प्रेरणा प्राप्त करके व्यक्ति नर से नारायण, मानव से महामानव और क्षुद्र से महान बन सकते हैं साथ ही वे ऐसे अभियानों को भी जन्म देते हैं, जिनका अंग बनकर मनुष्य में दिव्य भावनाएं, उत्कृष्ट विचार, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं, आदर्शवादी क्रिया चेष्टाएं दृष्टिगोचर होने लगती हैं।

रामनवमी का पर्व मंगलकारी पर्व भगवान राम का यह जन्मदिवस सम्पूर्ण वसुधा के लिए एक मंगलमय अवसर के रूप में मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति के आदर्शों को अपने जीवन में मूर्तिमान करने वाले भारतीय धर्म के आकाश में सूर्य की तरह चमकने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणाओं को ग्रहण करने का पावन पर्व इसे कह सकते हैं। ध्यान से देखें तो वर्तमान समय में भी लगभग वैसी ही परिस्थितियां हैं, जिस तरह की परिस्थितियों में भगवान राम के अवतरण के कथानक को लिखा गया था। जिन परिस्थितियों में भगवान राम ने अपने पुण्यचरित्र को जनमानस के सम्मुख प्रस्तुत किया था, वर्तमान समय भी कुछ-कुछ वैसा ही है।

रावण सही पूछा जाए तो एक व्यक्ति से ज्यादा ऐसी विकॉत मानसिकता का नाम है- जो छोटे उद्देश्यों, छोटे कार्यों, स्वार्थ, अहंकार, लोभ, लालच हिंसा से परिभाषित होती है। गंभीरता से सोचें तो क्या ऐसा नहीं लगता कि आज की परिस्थितियों और आज का वातावरण-वैसी ही मानसिकता का प्रतीक बन गए हैं। आज के समय को देखें तो ऐसा प्रतीत होता है कि मानो स्वार्थ और संकीर्णता फैशन में आ गए हैं और अपने हितों को पूरा करने की अंधी दौड़ में लोग सज्जनता और मानवता का जनाजा निकालने में संकोच भी नहीं करते हैं। आजे जैसी भावाएं जितनी संकुचित हुई है और परस्पर के स्नेह विश्वास का स्थान शक, संदेह और कठोरता ने ले लिया है। कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि आज ईमानदारी ,कर्तव्यपरायणता और विश्वसनीयता इतनी तेजी से गिर रहे हैं कि व्यक्ति के मन में न समाज का संकोच है न प्रशासन का भय है। और न ही उसके मन में ईश्वरीय न्याय व्यवस्था पर जरा भी भरोसा रह गया है। परिणाम यह है कि वो मानवीय जीवन जिसको हम परमेश्वर प्रदत्त सौभाग्यों में सबसे ऊपर गिनते थे, उसका मूल्य शून्य हो गया है और यह देवदुर्लभ जीवन मात्र उलझनों परेशानियों और पापों को इकट्ठा करने में ही चला जाता है।

अवतारी सत्ताओं के आगमन का उद्देश्य भी कुछ वैसा ही होता है। वही अंतर महापुरुषों में एवं अवतारों में होता है। महापुरुषों के जीवन निश्चित रूप से प्रेरक होते हैं, अनुकरणीय होते हैं, प्रख्यात एवं लोकप्रिय होते हैं। परंतु अवतारों के जीवन में इन विशेषताओं के अतिरिक्त भी एक विशेषता होती है कि वो कालचक्र की दिशा को परिवर्तित करने के लिए आते हैं।

**अखंड ज्योति**

### आपके पत्र

## विदेशों में सेवारत भारतीय, भारत की अर्थव्यवस्था पर चोट, प्रभावी अंकुश जरूरी

विगत दो दशकों में प्रतिभा पलायन भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े शिक्षा संस्थानों में भारी-भरकम खर्च के बाद शिक्षित युवक विदेशों में अपनी सेवाएं प्रदान करने को सदैव तत्पर रहते हैं। इसका बड़ा कारण विदेशी मुद्रा की कमाई और विदेशी चकाचौंध के तरफ आकर्षण ही होता है। इससे भारत के आर्थिक तंत्र पर बड़ा भार प्रत्यारोपित होता है। इतना खर्च कर के पढ़ाई करने के बाद भारतीय युवा मस्तिष्क भारत के विकास में योगदान न दें तो देश के लिए विडंबना की भांति है। भारत के इतिहास पर नजर डालें, तो नालंदा, तक्षशिला, शांति निकेतन और पाटलिपुत्र जैसे बड़े शिक्षा के केंद्र रहे हैं। सदैव अलग-अलग देशों से छात्र शिक्षा प्राप्त करने भारत आते रहे हैं। अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत से तकनीकी, चिकित्सकीय और संचार माध्यमों, मैनेजमेंट की पढ़ाई के लिए भारत से लगभग दो से ढाई लाख छात्र विदेश में पढ़ने के लिए जाने लगे हैं। वहीं भारत सरकार का सदैव प्रयास रहा है कि विदेशी छात्र हिंदुस्तान में पढ़ाई के लिए देश में आए और और हिंदुस्तानी डिग्री लेकर अपने देश में लौटे। इस तरह भारत सरकार द्वारा भारत को एक बड़ा शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करना चाहता है। और किसके लिए एक अभियान फेलोशिप कार्यक्रम चलाया गया है। इसके अलावा सरकार द्वारा एक प्रोजेक्ट डेस्टिनेशन इंडिया भी शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत विदेशी छात्रों की प्रवेश की प्रक्रिया को अत्यंत सरल सुगम बनाना है जिससे ज्यादा से ज्यादा छात्र भारत में पढ़ कर डिग्री हासिल करें अभी वर्तमान में भारत में आसियान देशों के निवासी छात्रों की संख्या लगभग सवा दो लाख के करीब है। मानव संसाधन विभाग द्वारा इसे आगामी वर्षों में चार गुना करना चाहती है। आसियान देशों के छात्र भारत में पढ़ने से थोड़ा हिचकिचाते भी हैं,जिसके अनेक कारणों में से अपराधिक गतिविधियां, प्रदूषण, गर्मी, प्रवेश की लंबी लंबी प्रक्रिया, और भारतीय डिग्री की मान्यता नहीं होना भी शामिल है।

भारत में बारह से चौदह ऐसे शिक्षा संस्थान हैं, जो विश्व के 200 मान्यता प्राप्त संस्थानों में शामिल हैं। भारत में शिक्षा प्राप्त करना कम ख़र्च में संभव है, पर भारत के छात्र अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, सिंगापुर में पढ़ना चाहते हैं जहां पढ़ने का खर्च डॉलर में यहां से चार गुना पड़ता है। जबकि भारत में आए छात्रों की पढ़ाई तथा खाने-पीने रहने का खर्च लगभग एक चौथाई होता है, फिर भी भारत के अभिभावक अपने बच्चों को विदेश भेजने में वरीयता देते हैं। भारत द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है कि भारत के विश्वविद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता विदेशी स्तर पर हो, पर इसमें काफी समय लगने की गुंजाइश भी है। यह भी संभव होगा कि विदेशी विश्वविद्यालयों की शाखाएं भारत में खोल दी जाए और भारत के छात्र भारत में ही रह कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें। असल चिंता की बात यह है कि विदेश में जाने वाले छात्र वहां पढ़कर वही के संस्थानों में अपनी नौकरी खोज कर वहीं रहने लगते हैं। दूसरा यह है कि यहां की तकनीकी टॉप संस्थानों के होनहार युवक विदेशों में मोटी-मोटी तनख्वाह में नौकरी देख कर विदेश चले जाते हैं, इस तरह भारत सरकार का उन पर किए जाने वाला खर्च का फायदा भारतीय संस्थानों को न होकर विदेशी संस्थाएं उठा ले जाती है। इस तरह प्रतिभा पलायन भारत के लिए और भारतीय शिक्षा पद्धति तथा भारतीय विश्वविद्यालयों के लिए नुकसानदेह भी है। भारत ने आसियान देशों के एक हजार छात्रों के लिए फैलोशिप कि 2018 में योजना बनाकर राशि आबंटित की थी। हर साल 200 से 300 छात्रों को बड़े तकनीकी संस्थानों में डॉक्टरेट की उपाधि देने की योजना बनाई थी। बीते वर्ष केवल आसियान देशों के 45 छात्रों ने पंजीयन करवाया था,इस तरह विकासशील देशों के छात्र भी भारत में पढ़ाई के लिए आकर्षित नहीं हो रहे हैं। मानव संसाधन विभाग को उच्च शिक्षा उपयोगी और व्यवसायिक शिक्षा के रूप में दी जानी चाहिए, जिस की उपयोगिता रोजमर्रा के कामों में हो सके और शिक्षा के माध्यम से युवकों को शत-शत रोजगार प्राप्त हो सके। तभी प्रतिभा पलायन में अंकुश लग हमारी शिक्षा पद्धति की उपयोगिता बढ़ेगी।

**संजीव ठाकुर**

कांग्रेस में टिकट वितरण को लेकर कथित गुटबाजी के बीच बोले कमलनाथ

# मैंने दिग्विजय को गाली खाने की पॉवर ऑफ अटॉर्नी दी है




## दिग्विजय बोले- गलती कौन कर रहा है यह तो पता होना चाहिए

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस के दो बड़े नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच कथित गुटबाजी की खबरों के दौरान आज उस समय रोचक स्थिति पैदा हो गई, जब कमलनाथ ने एक मंच से कहा कि मैंने दिग्विजय को बहुत पहले उनके लिए (श्री कमलनाथ के लिए) गाली खाने की पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी और ये आज तक वैलिड है।

दोनों नेता विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का वचन पत्र जारी किए जाने के समारोह के दौरान मंच साझा कर रहे थे। इस दौरान श्री कमलनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि अभी उनके पास श्री सिंह के कपड़े फाड़ने से जुड़ी बात सामने आई है। इसी क्रम में उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए हल्के फुल्के लहजे में कहा कि अगर श्री सिंह आपकी बात ना मानें तो आप भी इनके कपड़े फाड़ें।

इसी बीच मंच पर उपस्थित श्री सिंह श्री कमलनाथ को बीच में टोक कर बोले कि फॉर्म ए और फॉर्म बी पर पीसीसी (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) के दस्तखत होते हैं, तो कपड़े किनके फटने चाहिए। उनकी बात पर वहां मौजूद कांग्रेस के सभी नेताओं ने ठहाके लगाए।

इसके फौरन बाद श्री कमलनाथ ने कहा कि उनका और दिग्विजय सिंह का संबंध बहुत पुराना है और हंसी मजाक के साथ प्यार का भी है। इसी दौरान श्री सिंह मंच पर किसी अन्य से बात करने लगे, जिस पर श्री कमलनाथ ने उन्हें टोकते हुए कहा कि दिग्विजय सुनते रहो।

अपनी बात आगे बढ़ाते हुए कमलनाथ ने कहा कि बहुत पहले मैंने इन्हें (दिग्विजय सिंह को) पावर ऑफ अटॉर्नी दी थी कि कमलनाथ के लिए पूरी गाली खाइए और ये पावर ऑफ अटॉर्नी आज के दिन भी वैलिड है।

इस पर श्री सिंह ने हंसते हुए उन्हें एक बार फिर टोका और पूछा कि गलती कौन कर रहा है, ये तो पता होना चाहिए। प्रत्याशियों को सिम्बल तो प्रदेश अध्यक्ष ही देंगे। उनकी बात पूरी होते ही कमलनाथ ने उनकी ओर इशारा करते हुए कहा कि गलती हो या ना हो, गाली तो खानी है। इन्होंने (श्री सिंह ने) मेरे लिए (श्री कमलनाथ स्वयं के लिए) बहुत कड़वे घूंट पिए हैं, आगे भी पीने पड़ेंगे।

दरअसल कल देर शाम सोशल मीडिया पर श्री कमलनाथ का एक वीडियो वायरल हो गया था, जिसमें वे कथित तौर पर असंतुष्टों के बीच कहते हुए सुनाई दे रहे थे कि वे जाकर श्री दिग्विजय सिंह और उनके पुत्र जयवर्धन सिंह के कपड़े फाड़ें।

बताया जा रहा है कि इस वीडियो में श्री कमलनाथ भाजपा से कांग्रेस में आए शिवपुरी के नेता वीरेंद्र रघुवंशी और उनके समर्थकों से ये बात कर रहे हैं। श्री रघुवंशी भाजपा छोड़ कर आने के बाद शिवपुरी से कांग्रेस का टिकट मांग रहे थे, लेकिन उनके स्थान पर पिछोर से विधायक रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पी सिंह को टिकट दे दिया गया। बताया जा रहा है कि श्री कमलनाथ इसके लिए श्री सिंह को जिम्मेदार मानते हुए श्री रघुवंशी को ये परामर्श दे रहे हैं।

इसके बाद आज सुबह श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बिना किसी का नाम लिए पोस्ट किया, जब परिवार बड़ा होता है तो सामूहिक सुख और सामूहिक द्वंद्व दोनों होते हैं। समझदारी यही कहती है कि बड़े लोग धैर्यपूर्वक समाधान निकालें। ईश्वर भी उन्हीं का साथ देते हैं जो मन और मेहनत का मेल रखते हैं।

दोनों नेताओं के बीच के इस घटनाक्रम के बाद से भारतीय जनता पार्टी के कई नेताओं ने दोनों के बीच गुटबाजी की अटकलों को और हवा देनी

कांग्रेस के वचन पत्र को प्रदेश भाजपा भाजपा अध्यक्ष ने बताया रस्म अदायगी, बोले

# छल, कपट, झूठ और धोखे का दस्तावेज



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के वचन पत्र को छल,कपट, झूठ और धोखे का दस्तावेज बताया है। पार्टी ने कहा है कि कांग्रेस ने झूठ का पुलंदा एक बार फिर जनता के सामने रख दिया है। यह प्रदेश की जनता के साथ क्रूर मजाक है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आज अपना वचन पत्र जारी किया है, जो वचनों का नहीं, बल्कि झूठ, छल, कपट और धोखे का पत्र है। ऐसे समय में जबकि करप्शन नाथ और मि.बंटाढार के बीच कपड़ा फाड़ द्वंद और घमासान मचा हुआ है, कांग्रेस का ये वचन पत्र एक रस्म अदायगी बन कर रह गया है।

श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र की शुरुआत कर्जमाफी के उस वादे से की है, जिसका झुनझुना राहुल गांधी ने 2018 में बजाया था। उन्होंने कहा था कि अगर 10 दिनों में कर्जमाफी नहीं हुई, तो मुख्यमंत्री बदल देंगे। कमलनाथ सरकार ने कर्जमाफी के नाम पर किसानों से तीन तरह के फॉर्म भरवाए और तरह-तरह से परेशान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कर्जमाफी किस तरह से मजाक बन गई थी, उसका उदाहरण हैं आगर मालवा के किसान शिवलाल, जिन पर 24000 रुपये का कर्ज था, लेकिन कमलनाथ सरकार ने सिर्फ 13 रुपये माफ किए। श्री शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने अगर मुख्यमंत्री बदलने का अपना वादा निभाया होता, तो 15 महीने में पता नहीं कितने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को मिल जाते। उन्होंने कहा कि अब एक बार फिर कांग्रेस किसानों से झूठे वादे कर रही है। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों की हितैषी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारें हैं, जो 80 लाख किसानों को हर साल 12 हजार रुपये

### फिर शिकारी की तरह जाल फैला रही कांग्रेस

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठे वादों के सहारे 2018 में सत्ता में आई थी, लेकिन उन वादों की पोल जल्दी ही खुल गई थी। अब एक बार फिर शिकारी की तरह कांग्रेस पार्टी ने झूठे वादों का जाल फैला दिया है, लेकिन प्रदेश की जनता अब सजग हो गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में नौजवानों को 1200 रुपये देने की बात कही है। 2018 में तो कांग्रेस ने बेरोजगार युवाओं को 4 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था, लेकिन किसी बेरोजगार को भत्ता नहीं दिया। दूसरी तरफ प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत प्रदेश में युवाओं को इंटर्नशिप के आधार पर 8-10 हजार रुपये दे रही है।

### दोफाड़ कांग्रेस अब हो गई कपड़ा फाड़

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कमलनाथ ने जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री और उनके बेटे के कपड़े फाड़ने के लिए कार्यकर्ताओं को उकसाया है, उससे कांग्रेस की अंतकर्लह और अंतर्द्वंद सतह पर आ गए हैं। दो फाड़ कांग्रेस अब कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। श्री शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह से कमलनाथ की ये नफरत नई नहीं है। कांग्रेस की पहली सूची जारी होने के बाद भी यह देखा गया था कि कमलनाथ दिग्विजय सिंह के वर्चस्व से परेशान थे। ऐसा लग रहा था कि यह सूची नहीं, कांग्रेस की शामत आ गई है। वास्तव में ये कांग्रेस का द्वंद नहीं, बल्कि नेताओं का दंभ है जो 15 महीने की सरकार में भी दिखाई दिया था। तब उसी सरकार के एक मंत्री उमंग सिंघार ने कहा था कि इस सरकार को पर्दे के पीछे से मि. बंटाढार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता डॉ. वाजपेयी ने कहा-

# कांग्रेस और कमलनाथ से बड़े हो गए नकुलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. हितेष वाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस में अब कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ का कद लगता है कांग्रेस और कमलनाथ से भी बड़ा हो गया है। कांग्रेस में पहली सूची आने के बाद से ही घमासान मचा हुआ है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ ने जिस तरह से छिंदवाड़ा जिले के विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस प्रत्याशियों की स्वयं घोषणा कर रहे हैं, उससे तो यही लगता है कि नकुलनाथ को छिंदवाड़ा जिले के टिकटों का ठेका दे दिया गया है। प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाजपेयी ने कहा कि ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नकुलनाथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस पार्टी से बड़े हो गए हैं। नकुलनाथ द्वारा इस तरह से प्रत्याशियों के नामों की घोषणा करना कहीं न कहीं कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को भी एक तरह से चुनौती है।

# 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक भी दिखाकर मतदाता कर सकेंगे मतदान

**भोपाल, देशबन्धु।** यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।



श्री राजन ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/पीएसयू/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है। अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

## ओडिशा में चार करोड़ की ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** ओडिशा पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने निवेश योजनाओं के नाम पर बड़ी संख्या में लोगों से 4 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपियों को रांची पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया है। इनके नाम अमर डेनिश और पीयूष कुमार उर्फ निशांत हैं। दोनों बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से रांची के पुंदाग इलाके में श्याम विहार अपार्टमेंट में छिपे थे। बताया गया है कि इन आरोपियों ने वास्तव इंडिया नामक एक ट्रस्ट के जरिए विभिन्न योजनाओं के तहत आकर्षक रिटर्न का वादा कर लोगों से रकम जमा करवाई।

राजस्थान में कांग्रेस की खास रणनीति

# तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का कट सकता है टिकट

- अशोक गहलोत खेमे को लग सकता झटका
- सर्वे के साथ जाना चाहता है पार्टी आलाकमान

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस पार्टी ने तकरीबन सभी चुनावी राज्यों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। लेकिन राजस्थान में पेंच फंस गया है। क्योंकि पार्टी के सियासी रणनीतिकार के सर्वे में 50 फीसदी मौजूदा विधायकों के टिकट काटने की सिफारिश की गई है। जबकि सूबे के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि अगर टिकट कटना ही है तो उनके टिकट काटे जाएं, जिन्होंने पार्टी से बगावत की थी। इसी के चलते केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भी लंबित है। हालांकि माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व ने मामले में दखल दिया है और कल सीईसी की बैठक हो सकती है।

**वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं गहलोत-** गहलोत ज्यादा से ज्यादा समर्थक विधायकों को टिकट दिलाकर विधायक दल पर अपना वर्चस्व कायम रखना चाहते हैं। लेकिन आलाकमान सर्वे के साथ जाना चाहता है। इसके पीछे उसका मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे और अगर सरकार बनाने लायक संख्या मिल जाती है तो कोई भी खेमा दबाव की राजनीति न कर सके। इसको देखते हए आलाकमान ने सर्वे को पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को सौंप दिया है।

यही नहीं आलाकमान ने स्क्रीनिंग कमेटी में भी संतुलन अपने पक्ष में बनाने के लिए प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, चेयरमैन गौरव गोगोई, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद डोटासरा व सचिन पायलट के साथ ही अपने भरोसेमंद व कड़क मिजाज मधुसूदन मिस्त्री को भी आमंत्रित सदस्य के रूप में जगह दे दी है। बताया जा रहा है कि आलाकमान ने स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन गौरव गोगोई को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सिर्फ जिताऊ उम्मीदवारों के नाम पर ही विचार किया जाएं। इस लिहाज से माना जा रहा है कि गहलोत खेमा को झटका लग सकता है और कम से कम तीन दर्जन मौजूदा विधायकों का टिकट काटा जा सकता है। जिसमें ज्यादातर गहलोत समर्थक होंगे।

# कांग्रेस के दबाव में आकर सरकार ने गंगाजल पर जीएसटी हटाया : श्रीनेत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मां गंगा को भी नहीं बख्शा और गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया और कांग्रेस ने दबाव बनाया तो फिर वापस लेना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस को जब पता चला कि मां गंगा को भी नहीं बक्शा जा रहा है और गंगाजल पर जीएसटी लगाया जा रहा है तो कांग्रेस ने इसका जबरदस्त विरोध किया जिसके दबाव में सरकार को फैसला बदलना पड़ा। इस तरह एक बार फिर कांग्रेस ने मोदी सरकार को मजबूर किया और उसको यह गलत फैसला वापस लेना पड़ा।

उन्होंने कहा भाजपा प्रवक्ता, ट्रोल आर्मी और उनके फेक न्यूज संचालक कहते रहे कि गंगाजल पर कोई जीएसटी नहीं है क्योंकि गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है। यह प्रचार झूठ था और मीडिया इस झूठ को सच मानकर खबरें चलाता रहा। सच्चाई यह थी कि गंगाजल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया था और ये कहना कि उस पर जीएसटी नहीं था यह कोरा झूठ है। प्रवक्ता ने कहा की गंगाजल पर जीएसटी लगाकर सरकार का उद्देश्य गंगाजल डाक से भेजकर डाकघर की आमदनी बढ़ाना था। पहले 250 एमएल की बोतल 30 रुपए थी लेकिन 18 प्रतिशत जीएसटी लगने के बाद इसकी कीमत 35 रुपए हो गई थी। इसकी जानकारी 18 अगस्त को इंडिया पोस्ट ने ट्वीट से दी थी जिसमें साफ लिखा था कि 30 रुपए की बोतल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा जबकि सरकार बोलती रही है की गंगाजल पूजा सामग्री की श्रेणी में आता है इसलिए इस पर जीएसटी नहीं लगेगा।

उन्होंने कहा कि सीबीआईसी के तहत जीएसटी जीएसटी आता है और सीबीआईसी की वेबसाइट पर लिखा है- रुद्राक्ष की माला, रोली, विभूति, यज्ञोपवीत, कलावा, बिना ब्रांड के शहद, लकड़ी के खड़ाऊं, चरणामृत, चंदन का टीका और दीये की बाती पर जीएसटी नहीं है बाकि सब पर जीएसटी है। वेबसाइट में गंगाजल पर जीएसटी नहीं लगाने की कोई बात नहीं है। हिंदू धर्म में गर्भधारण से मृत्यु तक 16 कर्मकांड होते हैं और उन सबमें गंगाजल अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर गत दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी एक पोस्ट में हमला बोलते हुए कहा था कि मोदी जी, मोक्ष प्रदाता मां गंगा का महत्व एक आम भारतीय के लिए जन्म से लेकर जीवन के अंत तक बहुत अधिक है। आपकी सरकार ने पवित्र गंगा जल पर ही 18 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया।

# उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी के साथ येलो अलर्ट

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में मानसून के जाने के बाद अब मौसम ने करवट बदली है। प्रदेश में गुलाबी ठंड ने अपनी दस्तक दे दी है। लेकिन मौसम विभाग ने एक बार फिर प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के साथ ही तेज आंधी तूफान का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को प्रदेश में आंधी तूफान बारिश और बर्फबारी भी हुई। वहीं मंगलवार को भी मौसम विभाग ने एक बार फिर बारिश-बर्फबारी होने के साथ ही कई जिलों में भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के 3500 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होने के आसार जताए हैं। इसके अलावा अन्य सभी जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि बुधवार से अगले कुछ दिन राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से पर्वतीय समेत मैदानी इलाकों में 17 अक्टूबर को बिजली चमकने और हवा चलने के साथ बर्फबारी व बारिश होने की संभावना जताई गई है, जबकि 18 से 20 तक प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी के साथ येलो अलर्ट जारी

# झारखंड के लोटिया डैम में 6 बच्चे डूबे

**रांची, एजेंसियां।** हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र के लोटवा डैम में मंगलवार सुबह डूबे सभी छह स्कूली छात्रों के शव बरामद कर लिए गए हैं। सभी हजारीबाग के माउंट एग्माउंड स्कूल के प्लस टू के छात्र थे और स्कूल ड्रेस पहनकर डैम साइड में सैर करने पहुंचे थे। छात्रों के डूबने की खबर पाकर उनके परिजन डैम के पास पहुंचे। उनकी चीत्कार से माहौल बेहद कारुणिक हो उठा। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। बताया गया कि सात छात्र स्कूटी और बाइक से पहुंचे थे। उन्होंने अपने स्कूल ड्रेस डैम के किनारे उतार दिया और नहाने के लिए पानी में उतर गए। माना जा रहा है कि इनमें से कोई एक गहरे पानी में चला गया, जिसे बचाने के चक्कर में छह छात्र डूब गए। घटना की सूचना जैसे ही इचाक पुलिस को मिली, वह घटनास्थल पर पहुंची। डूबने वाले छात्रों में हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले का रजनीश पांडे और सुमित कुमार, मटवारी का मयंक सिंह, दीपूगढ़ा का प्रवीण गोप, पीटीसी चौक का ईशान सिंह और मटवारी गांधी मैदान कॉलोनी का शिवसागर शामिल है। सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि लोटवा डैम में हादसे की दुःखद खबर से मन व्यथित है। परमात्मा, हादसे में मरने वाले बच्चों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हजारीबाग जिले के लोटवा डैम में छह बच्चों के डूबने की सूचना अत्यंत दुखद व पीड़ादायक। उन्होंने परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।


In the Court Of Principal Judge, Family Court, District Court,Panna

Presiding officer: सुरेश चंद्र पाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS HM/0000062/2023)

शिवम साहू.................. वादी

Vs

श्रीमती पूजा साहू............... प्रतिवादी

Process Id- 321/2023

पेशी दिनांकः-22/11/2023

प्रेषिती-

(1) श्रीमती पूजा साहू पिता मिजाजी साहू पति शिवम साहू, पता निवासी वार्ड नंबर 10 कुलियाना मोहल्ला बगराजन माता के पास अजयगढ़ जिला पन्ना म.प्र.

यह कि प्रार्थी शिवम साहू ने आपके विरुद्ध धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 12 October 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(सुरेश चन्द्र पाल)

सील

प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय पन्ना म.प्र.

**कृपया ध्यान दे:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।


# राजनाथ ने सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं को किया सम्मानित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के हांगझोऊ में हाल ही में संपन्न 19वें एशियाई खेलों में सशस्त्र बलों के पदक विजेताओं और सहायक कर्मचारियों को आज सम्मानित किया और उनके लिए नकद पुरस्कारों की घोषणा की। सिंह ने मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में एशियाई खेलों में भाग लेने वाले 76 खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की और उन्हें खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर मंत्रालय की ओर से घोषणा की कि स्वर्ण पदक विजेता को 25 लाख, रजत पदक विजेता को 15 लाख और कांस्य पदक विजेता को 10 लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। सशस्त्र बलों के कर्मियों ने इन खेलों में 02 स्वर्ण, 03 रजत और 3 कांस्य पदक जीते हैं। सिंह ने उन खिलाड़ियों की भी सराहना की जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया लेकिन पदक नहीं जीत सके। उन्होंने विश्वास जताया कि ये पदक और प्रदर्शन देश के युवाओं को खेलों में आगे आने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने खिलाडियों से कहा कि आप केवल एक पदक का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं, बल्कि भारतीय समाज की उत्कृष्टता की कहानी का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप युवाओं को प्रेरणा देने का एक बड़ा माध्यम हैं। रक्षा मंत्री ने विभिन्न खेलों में पदक जीतने के लिए सशस्त्र बलों के जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि चाहे युद्ध का मैदान हो या खेल का मैदान, सैनिक हमेशा समर्पण, अनुशासन, कड़ी मेहनत और देश के लिए कुछ करने की इच्छा के कारण प्रदर्शन करता है। यही गुण हमें खेलों में पदक दिलाने में मदद करते हैं। सैनिक के भीतर एक खिलाड़ी होता है; एक खिलाड़ी के भीतर एक सैनिक होता है। सम्मान समारोह में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# तेजी से चल रहा कांग्रेस का जनसंपर्क



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कमलनाथ (पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी) के निर्देशानुसार गुरुवार को यादवेंद्र सिंह पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने विधानसभा क्षेत्र 43 टीकमगढ़ के ग्राम अमरपुर, रामपुरा, परा , चौपरा, सहित उनमें सभी ग्रामों में नुक्कड़ सभाएं की और घर-घर जाकर जनसंपर्क किया उक्त कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश मिश्रा (प्रदेश सचिव मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी) के साथ ब्लॉक बड़ागांव धसान के अध्यक्ष, समर्रा मंडलम अध्यक्ष,अमरपुर सेक्टर अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी को अधिक से अधिक मतों से जिताने का आश्वासन दिया। यादवेंद्र सिंह को जनता का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है। वहीं इसी दौरान सूर्य प्रकाश मिश्रा महेंद्र सिंह बुंदेला सहित अनेको कांग्रेसजन मौजूद रहे

# उप्र-मप्र सीमा पर अवैध रूप से पेट्रोल-डीजल का परिवहन करते 2 वाहनों को किया जप्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव आचार संहिता के मद्दे नजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु जिले के थानों में अंर्तराज्यीय बोर्डर नाका संचालित किये जा रहे है। तथा सभी थाना प्रभारियो उक्त नको पर सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में बुधवार को एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के दिशा निर्देशन में थाना बम्होरीकला अंतर्गत अंर्तराज्यीय कनेरा नाका पर चैकिंग के दौरान थाना बम्होरीकला, चौकी कनेरा पुलिस एवं एफएसटी टीम द्वारा तीन पहिया बजाज मैजिक गाड़ी क्र. यूपी 93 डोटी 2814 से अवैध कुल मात्रा 1270 लीटर डीजल एवं पैट्रोल कीमती 1 लाख 28 हजार का आरोपी राजेश पिता कृष्णा पाल निवासी बधाई मातील थाना कुड़ीला से जप्त किया गया। तथा ईसी एक्ट के तहत आरोपी पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में चैकिंग के दौरान सफेद रंग की महिन्द्रा पिकअप क्र. यूपी 95 टी 5796 से कुल मात्रा 2325 लीटर अवैध डीजल एवं पैट्रोल कीमती 2,33,500 रुपये का आरोपी चालक उमेश पिता भजन साहू निवासी ग्राम फुटेर चक्र 2 थाना खरगापुर से जप्त कर ईसी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। दूसरी ओर पुलिस व एफएसटी टीम द्वारा बोर्डर पर चैकिंग के दौरान ज्ञानेन्द्र पिता सीताराम गुप्ता निवासी बम्होरीकला द्वारा 70 हजार रुपये संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से जप्त किये गये। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्होरी कला उनि.नीतेश जैन, चौकी प्रभारी कनेरा उनि. आकाश रुसिया, एफएसटी प्रभारी आर एस ठाकुर, सीआईएसएफ टीम, प्रआर. मुईन खान, प्रआर. मुकेश कुशवाह, प्रआर. नरेन्द्र लोधी, प्रआर शैलेन्द्र सिंह, आर. नागेन्द्र यादव, आर. सतीश गौतम, आर. अभिनेष यादव, आर. धर्मेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बिजलीकर्मी ने किया विवाद, महिला ने पुलिस से की शिकायत

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में एक महिला का पुरानी बुराई पर बिजलीकर्मी पड़ोसी से विवाद हो गया। इस विवाद में बिजलीकर्मी ने महिला के साथ गाली गलौच व झगड़ा किया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस थाने में की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्होरी खास में फरियादी महिला मीनू साहू पत्नी पवन साहू उम्र 30 साल निवासी बम्होरी के साथ पड़ोसी बिजलीकर्मी अजय लोधा ने पुरानी बुराई पर गाली गलौज व झगड़ा किया। विवाद बढ़ता देख पीड़ित महिला ने पुलिस थाने में आकर घटना की रिपोर्ट की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विदित हो कि इसी बिजलीकर्मी ने पिछले दिनों पीड़ित महिला के देवर के साथ बस बम्होरी स्टैंड पर मारपीट कर दी थी। जिस पर पुलिस ने बिजलीकर्मी के विरुद्ध मामला दर्ज किया था।

### बिजलीकर्मी ने पहले महिला के देवर के साथ भी की थी मारपीट

## घर जाते समय रास्ते में दोस्तों के बीच में हुआ विवाद, पीड़ित को आई चोट, पुलिस ने किया केस दर्ज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा कस्बे में बीती शाम को दो दोस्त पैदल अपने घर जा रहे थे तो रास्ते में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़ित युवक को चोट आ गई। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे पीड़ित युवक जितेन्द्र उर्फ जीतू प्रजापति पिता परमानंद प्रजापति उम्र 28 साल निवासी दिगौड़ा अपने दोस्त रवि खंगार के साथ उसकी दुकान से घर जा रहा था। जैसे ही यह दोनों बिजरावन तिगैला के पास आए तो किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। इस विवाद में रवि खंगार ने जीतू प्रजापति को धक्का देकर जमीन पर पटक दिया, जिससे पीड़ित के सिर में चोट आ गई। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पर मामला दर्ज किया गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह के समर्थन में शाशस सिंह का जनसंपर्क जारी



**टीकमगढ़।** गुरुवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शाश्वत सिंह बुंदेला ने ग्राम पंचायत हरपुरा माडिया, सूरजपुर, हसरऊ, चरपुंवा, सुजानपुरा, मिनौरा सहित अन्य सम्मिलित ग्रामों में घर.घर जाकर जनसंपर्क किया। जिसमें 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवाओं को वोट का महत्व समझाया और कांग्रेस की ओर आकर्षित किया। वहीं उन्होंने लोगों से कांग्रेस पर मतदान करने की भी अपील की और लोगों को पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के चुनावी वादों के बारे में भी समझाया। इस अवसर पर टीकमगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, अस्तोंन मंडलम अध्यक्ष, सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जन सैलाब उमड़ा ।

# जेल प्रशासन की बन रही बाउंड्री वॉल, नपा ने भेजा नोटिस, ठेकेदार कर रहे लापरवाही



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिला जेल परिसर के बाहर एक बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। जिला अधीक्षक प्रतीक कुमार जैन द्वारा बताया गया की जेल सुरक्षा हेतु तत्कालीन कलेक्टर हर्षिका सिंह द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण कार्य स्वीकृति प्रदान की गई थी। उसका कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है लेकिन इसके पूर्व हम आपको बता दें नगर पालिका द्वारा जेल परिसर की पुरानी बाउंड्री पर सौंदर्यकरण का कार्य किया गया था और अब जो बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है। बह सौंदर्य करण के आगे से बनाई जा रही है। नगर पालिका सीएमओ द्वारा बताया गया कि नगर पालिका द्वारा जो सौंदर्यकरन के लिए राशि लगाई गई थी। उसका नुकसान हुआ उसको लेकर जेल प्रशासन को नोटिस जारी किया गया है। हालाकि की जिला जेल अधीक्षक प्रतीक कुमार जैन द्वारा बताया गया है कि सीमांकन के बाद ही यह निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा कराया जा रहा है तो वही देखा गया कि ठेकेदार द्वारा जो बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। उसमें काफी लापरवाही नजर आ रही है ठेकेदार द्वारा डस्ट का उपयोग कर निर्माण कराया जा रहा है साथ ही जो कलम दीवाल बनने के पूर्व बनाए जाने थे उन्हें दीवाल बनाने के बाद बनाया जा रहा है। उसको लेकर पीडब्ल्यूडी विभाग को अवगत कराया गया है उनके द्वारा जांच करने की बात कहीं गई है।

# संभागायुक्त ने एसडीएम कार्यालय सहित तहसील तथा जनपद पंचायत का किया निरीक्षण




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने आज जिले के प्रवास के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बल्देवगढ़ कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद पंचायत सीईओ कार्यालय बल्देवगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा शीघ्र ही समस्याओं के निराकरण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय में उपस्थित समस्त स्टाफ के साथ चर्चा के दौरान निर्वाचन से संबंधित आवष्यक निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही उन्हेंने संबंधित अधिकारियों के साथ नाम-निर्देशन की संपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की तथा आवष्यक निर्देश दिये।

# पलेरा में कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय का उद्घाटन



**पलेरा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नगर में बुधवार को कांग्रेस के प्रत्याशी चंदा सुरेंद्र सिंह गौर के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। स्थानीय छोटा बस स्टैंड के नजदीक कार्यालय उद्घाटन के मौके पर मौजूद वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव का आह्वान किया। कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस के नेता सुरेंद्र सिंह गौर, गोविंद सिंह गौर, दिग्विजय सिंह गौर ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी समर में उतरने को कहा। उन्होंने कहा कि पिछली हार से सबक लेते हुए हमें इस चुनाव में और मेहनत करने की जरूरत है। कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि कांग्रेस के लिए इस बार बहुत अच्छा मौका है। बैठक में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू राय ने भी मौजूदा समय में कांग्रेस के बेहतर मौका होने की बात कही और संगठित होकर चंदा सुरेंद्र सिंह गौर को जिताने की अपील की। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत स्थानीय नगर के धीरज सोनी के निवास पर कांग्रेस प्रत्याशी चंदा सुरेंद्र सिंह गौर का भव्य तुलादान किया गया। इस दौरान मौके पर क्षेत्रीय ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

# महिला डॉक्टर क्वार्टर के पीछे गंदगी का अंबार



**पलेरा, देशबन्धु।** अस्पताल एक ऐसा संवेदनशील स्थान होता है, जहां स्वच्छता मानक की पहली शर्त होती है। वैसे भी आज पूरे देश में स्वच्छता को लेकर अभियान चलाया गया है। लेकिन लगता नहीं है कि नगर का सरकारी अस्पताल उस अभियान में अपना योगदान बिल्कुल भी नही दे रहा है। अस्पताल के पीछे महिला डॉक्टर फिरोज खान के क्वार्टर के पास गंदे पानी का फैलाव कुछ इस तरह है कि उधर से गुजरना भी मुश्किल.सा लग रहा है। गुजरने की बात छोड़िए संक्रमण की आशंका भी मजबूत होती नजर आ रही है। आम लोगों को अपने घर के आसपास सफाई रखने का पाठ पढ़ाने वाला स्वास्थ्य विभाग यहां खुद उस पाठ को भूल गया लगता है। कहा जाता है कि घर के आसपास गंदगी से बीमारियां होती हैं। क्या यह बात अस्पतालों पर लागू नहीं होता। प्रसव कक्ष से ठीक पीछे तक स्थिति बद से बदतर हो चली है।

### नवजात के लिए खतरनाक स्थिति

प्रसव कक्ष एवं प्रसूति वार्ड के पीछे महिला डॉक्टर रोज खान के क्वार्टर से सटे हिस्से में गंदगी का यह आलम है कि अगर कोई नवजात संक्रमित होकर बीमार हो जाए तो आश्चर्य की बात नहीं। स्थिति यह है कि वहां शौचालय है जिसमें गंदे पानी का भंडारण हो रहा है। उसमें गंदगी किस किस्म की और किस हद तक है बताना संभव नहीं है। यह स्थिति दो-चार दिन से नहीं है बल्कि लंबे समय से बनी हुई है। उधर से होकर रास्ता भी है जो अस्पताल के पिछले हिस्से की ओर जाता है। जिसके चलते मरीजों के परिजनों को आने-जाने में भी कठिनाई हो रही है। नगर में स्वच्छता की कमान संभालने वाले नगर परिषद के कार्यालय में बैठे अधिकारी कर्मचारियों का यहां कोई ध्यान नहीं है।

# विमर्श जागृति मंच ने मनाया क्षमावाणी पर्व

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज की प्रेरणा से संचालित जैन महिला संस्थान विमर्श जागृति मंच द्वारा मंगलवार को संस्थान की कामकाजी बैठक संस्थान की सदस्य मधु पोतदार जी के निवास पर आयोजित की गई। जहां पर सभी सदस्यों द्वारा क्षमावाणी पर्व मनाया गया और पर्युषण महापर्व में दस उपवास कर धर्म साधना करने वाली सदस्य सुनीता अमिताभ जैन, सालिनी जैन, संगीता जैन आदि महिलाओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। बैठक में अन्य गतिविधियों भी आयोजित की गई जिसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने बालो को पुरुष्कृत भी किया गया। सभी बहनों ने आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज के द्वारा बताए मार्ग पर चलते हुए धर्मए राष्ट्र और साधु सेवा का संकल्प दोहराया। संस्थान की वर्तमान अध्यक्ष ने सभी का उत्साह वर्धन किया और आगे कार्य करने की रूप रेखा बताई। उक्त बैठक में लता पोतदार, श्रद्धा सुनवाहा, नंदा जैन, सुनीता अमिताभ जैन, संगीता जैन, लता पोतदार, प्रिमला जैन, शालिनी जैन, शशि जैन, अनिता जैन, डॉली जैन आदि लगभग पैंतालीस अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क पार करते दिखा अजगर



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बड़ागांव धसान में मंगलवार देर रात सड़क पर भारी भरकम अजगर जाते दिखाई दिया। सड़क पार करते समय जैसे ही लोगों ने अजगर को जाते देखा तो वाहन चालक ठिठक गए। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी। हालांकि फॉरेस्ट टीम के पहुंचने से पहले ही अजगर सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर चला गया। बड़ागांव निवासी चरण सिंह ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे कृषि उपज मंडी रोड पर सड़क पार करते समय करीब 9 फीट लंबे अजगर को देखा गया। लोगों ने जैसे ही सड़क पर अजगर को देखा तो रोड के दोनों ओर लोग रुक गए। इस दौरान लोगों ने अजगर का वीडियो भी बनाया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इस दौरान लगातार स्थानीय लोग अजगर पर नजर बनाए रहे। वन विभाग की टीम के पहुंचने से पहले ही अजगर सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर चला गया। स्थानीय मुकेश ने बताया कि सड़क पर जैसे ही लोगों ने अजगर को जाते देखा तो वाहन चालक खड़े हो गए। अजगर के सड़क पार करने के बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हुई। इस दौरान लोगों ने सड़क पार करते हुए अजगर का वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि इसके पहले इस इलाके में इतना बड़ा अजगर कभी नहीं देखा गया।

### ठिठक कर रह गए लोग, वन टीम के पहुंचने से पहले ही जंगल की हरियाली में हुआ ओझल

# संभागायुक्त ने स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान के लिये किया प्रेरित



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सागर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों तथा विद्यार्थियों ने नगर में रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। रैली को सागर संभायुक्त डॉ. रावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर तहसीलदार, जनपद सीईओ, परियोजना अधिकारी बाल विकास सहित संबंधित अधिकारी तथा छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं। ज्ञातव्य है कि विधानसभा आम चुनाव-2023 में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार टीकमगढ़ जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को बताया जा रहा है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान करना आवश्यक है।

# वनक्षेत्र में अवैध अतिक्रमण बुल्डोजर चलाकर की गई बेदखली की कार्यवाही



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** वन परिक्षेत्र जतारा अंतर्गत गुरुवार को वन परिक्षेत्र जतारा की पीरपानी बीट के कक्षक्रमांक आर.एफ. 273 में कई वर्षों से अनाधिकृत रूप से वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण करके पक्के एवं कच्चे मकानों का निर्माण कार्य किया गया। जिसको अतिक्रमण की नियत से और आगे बड़ाते हुए नये अतिक्रमण के रूप में उक्त वनक्षेत्र में पेड़ पौधों की कटाई, छटाई एवं वन्यजीवों के रहवासों (घोंसला, बामी, बिल) को नष्ट करते हुए रात ही रात सीमेंट कंक्रीट की जुड़ाई का कार्य लगभग नीचे से 40.45 से.मी. की नींव एवं बीम बनाकर वनक्षेत्र में निर्माण कार्य किये जाने की सूचना के आधार पर बेदखली की कार्यवाही करने हेतु पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन से लिखित में सहयोग हेतु पत्राचार करके गुरुवार को प्रात: 10 बजे पुलिस बल एवं सम्पूर्ण वन अमले के साथ वन परिक्षेत्र जतारा की बीट पीरपानी के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 273 आखिरी शिला मंदिर के पास मौके पर जाकर देखा कि उक्त वनभूमि में 0.150 हेक्टेयर वनभूमि पर पक्का निर्माण कार्य ईंट और सीमेंट कंक्रीट से होना पाया गया। उसी निर्माण कार्य के आगे एक बाड़ा बनाकर चारों तरफसे बागड़ से घेरा पाया गया जिसकी बेदखली सम्पूर्ण वन अमले के द्वारा जे.सी.बी. की मदद से की गई एवं मौके से लोहे के 4 पिलर, 1200 ईट, 25 नग बल्ली की जप्ती की जाकर मौके से अपराध को कारित करने वाले आरोपी धनीराम पिता मकुंदा रैकवार उम्र 55 वर्ष निवासी जतारा के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जेल अभिरक्षा में निरुद्ध कराया गया। उक्त कार्यवाही शिशुपाल अहिरवार वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा के निर्देशन में की गई। जिसमें वन परिक्षेत्र जतारा के सम्पूर्ण वन अमले के साथ पुलिस बल भी मौजूद रहा। उक्त कार्यवाही से जतारा नगर की जनता के द्वारा वनविभाग की भूरी भूरी प्रशंसा की गई।

# किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, वर्षों से चल रहा था कारोबार

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार सहिंता लागू होते ही पुलिस के द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्यवाई तेज कर दी गई हैं, इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उप निरीक्षक श्रीकृष्ण सिंह मावई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम गुरदीन पुरवा में किराना दुकान के आड़ में अवैध शराब की बिक्री कर रहा है।

मुखबिर की सूचना की तस्दीक एवं रेड कार्यवाही हेतु विशेष पुलिस टीम गठित कर ग्राम गुरदीन पुरवा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचे जहां किराना की दुकान पर बैठा एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पहले से ही सतर्क पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर दबोच लिया गया, पंचनामा तैयार कर किराना दुकान की तलाशी लेने पर। दुकान के अंदर 4 पेटी अंग्रेजी गोआ व्हिस्की शराब प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वाटर कुल शराब 36 लीटर कीमती करीब 22 हजार रुपये एवं 2 पेटी बीयर केन प्रत्येक पेटी में 24-24 केन कुल 24 लीटर कीमती करीब 6240 रुपये कुल शराब अंग्रेजी गोआ व्हिस्की एवं बीयर कुल 60 लीटर कुल कीमती 28 हजार 2 सौ 40 रुपये की पायी गई। शराब रखने व बेचने के संबंध में वैध कागजात नहीं पाये जाने पर उक्त शराब एवं बीयर जप्त कर आरोपी रितेश यादव उर्फ अग्गू पिता देवीदयाल यादव उम्र 32 साल निवासी गुरदीन पुरवा के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उप निरीक्षक श्रीकृष्ण मावई, एमएल कोल, रवि मिश्रा, भूरीसिंह गुर्जर, निश्चल सिंह परिहार, अखिल शुक्ला, बृजेश सिंह, प्रभूदयाल आदि की भूमिका रही।

# पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी भाजपा में शामिल



पन्ना, देशबन्धु। कांग्रेस पार्टी से अमानगंज विधानसभा से विधायक रहे पूर्व विधायक फुन्दर चौधरी ने टिकिट न मिलने के चलते कांग्रेस को छोडकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उनको प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराई है। ज्ञात हो कि वर्तमान में गुनौर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी द्वारा जीवन लाल सिद्धार्थ को अपना प्रत्याशी बनाया है। जिससे फुन्दर चौधरी ने नाराज हो कर कांग्रेस पार्टी छोड दी। ज्ञात हो कि श्री चौधरी 1993 मे विधायक बनें थें। तत्पश्चात् कांग्रेस पार्टी द्वारा वर्ष 2008 में भी उन्हे टिकिट दी गई थी, लेकिन वह पराजित हुए थे तथा वह अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष भी रह चुके है। लेकिन वह नाराज हो कर भाजपा मे शामिल हो गयें है। श्री चौधरी का क्षेत्र मे कोई खास प्रभाव नही है।

# एकलव्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण



**दमोह देशबन्धु।** एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह के इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण हेतु पॉवर ग्रिड दमोह ले जाकर अनेक प्रकार की तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया एवं रति मलैया के यशस्वी नेतृत्व एवं कुलपति प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार जैन तथा कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसका संयोजन आईटीआई प्राचार्य शआनंद वर्धन भल्ला ने किया। इसमें इंजीनियरिंग अधिष्ठाता डॉ. अनिल पिम्पलापुरे, बेसिक एंड अप्लाइड साइंस की अधिष्ठाता डॉ. निधि असाटी, बसंत बमनेले, बबलू पटेल, मदन चड़ार, इमरान खान, पंकज अग्रवाल, विवेक शुक्ला, आयुष्मान जैन, राकेश जाटव, अंजलि ठाकुर एवं मनीषा लोधी का विशेष सहयोग रहा। इस भ्रमण का मूल उद्देश्य व्यावहारिक ज्ञान से विद्यार्थियों को अवगत कराना है। इसमें सभी विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह पूर्वक ज्ञानवर्धन किया।

पुलिस अधीक्षक को दिया शिकायती पत्र

# पथरिया नपा सीएमओ ने नपाध्यक्ष के भतीजे पर लगाए गाली गलौज और गलत करने की धमकियों के आरोप



**दमोह देशबन्धु।** जिले की नगर पालिका परिषद पथरिया अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी के बीच विवाद को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में है।

इस बार सामने आये मामले में वर्तमान नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे ने एक लिखित आवेदन पुलिस अधीक्षक दमोह को देते हुए वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष पथरिया सुन्दर लाल विश्वकर्मा के भतीजे आशीष विश्वकर्मा उर्फ सोनु पर उनसे फोन पर गाली गलौज करने, परिवार की बच्ची से गलत करने और जातिगत गालियां देने का आरोप लगाया है। साथ ही अपनी अस्मिता (मर्यादा) एवं परिवार एवं बच्ची की जान का खतरे का अंदेशा जताया गया है। पुलिस अधीक्षक को दिये आवेदन में नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे का कहना है कि मैं ज्योति सुनेरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद पथरिया जिला दमोह होकर लेख करती हूँ कि आज दिनांक 18 अक्टूबर 23 को विधानसभा निर्वाचन 2023 के प्रशिक्षण हेतु दमोह शहर के निकट नवीन आदर्श महाविद्यालय बरपटी पर अपने कर्त्तव्य हेतु उपस्थित हुई। इसी दौरान दूरभाष नंबर 7806000927 के द्वारा लगभग 11:26 बजे के करीब कॉल आया मेरे द्वारा फोन उठाने पर संबंधित के द्वारा बिना परिचय दिये सीधे ही बदतमीजी करते हुए गंदी गंदी गालियों का एवं बहुत ही अश्लील एवं अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जाने लगा जिनका उल्लेख किया जाना संभव नहीं है एवं मेरी 6 वर्ष की बेटी को भी अभद्र एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करते हुए उसके साथ गलत करने की मंशा प्रकट की गई एवं मुझे एवं मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। जिसको सुनकर मेरे द्वारा फोन को डिस्कनेक्ट कर दिया गया और मेरे वाहन चालक के फोन से उक्त नंबर पर फोन लगाने ज्ञात हुआ कि उक्त नंबर से तत् समय सोनू लुहार उर्फ आशीष विश्वकर्मा जो कि नगर परिषद पथरिया अध्यक्ष सुन्दरलाल विश्वकर्मा के भतीजे है, के द्वारा वाहन चालक से भी दूरभाष पर अभद्रता की गई। पूर्व में भी इनके द्वारा मेरे विरुद्ध सोशल मिडिया पर मेरे मान सम्मान को ठेस पहुँचाने संबंधी पोस्टें डाली गई एवं नगर परिषद के शासकीय कार्यों में भी व्यवधान उत्पन्न करते रहे जिसके संबंध में मेरे द्वारा तत्समय थाना प्रभारी पथरिया को अवगत कराया गया। जिसके पश्चात् से ही सोनू उर्फ आशीष मेरे से व्यक्तिगत रंजिश निभाते हुए पत्रकारों को मनगढ़त बातें बताकर नगर पालिका की छबि धूमिल करने के इरादे से गलत खबरों का प्रकाशन करवाते हैं एवं कार्यालय में भी आकर जातिगत टीका टिप्पडी करते है क्योंकि मैं अनुसूचित जाति वर्ग से आती हूँ। अतः माननीय महोदय से मेरा करवद्ध निवेदन है कि मैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद पथरिया के प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करने हेतु नगर पथरिया में निवासरत् हूँ प्रशासनिक कार्यवश हेतु मुझे स्वयं की अस्मिता की सुरक्षा एवं जान-मान का खतरा महसूस होता है। क्योंकि इनके चाचा नगर पालिका अध्यक्ष है एवं इन पर पूर्व से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है एवं इन पर जिला बदल की कार्यवाही भी की जा चुकी है। अतः आपसे निवेदन है कि मुझे फोन करके धमकी देने एवं अभद्रता करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही प्रस्तावित की जाये एवं मुझे पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने हेतु आग्रह है क्योंकि संबंधित के द्वारा मेरे एवं मेरी 6 वर्ष की बेटी के लिए अटेम्प टू रेप जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है।

ज्ञात हो कि कुछ समय पूर्व नपा सीएमओ पथरिया के कार्यालय में नपा पथरिया अध्यक्ष के भाई और भतीजे के साथ नपा सीएमओ की उपस्थिति में ही पथरिया की दवंग विधायक रामबाई सिंह परिहार के साथ वाद विवाद का वीडियो सुर्खियों में आया था उसके वाद नपा सीएमओ पथरिया द्वारा अपने प्रतिवेदन और पुलिस थाना पथरिया को दिये आवेदन में नपा अध्यक्ष के परिजनों पर कार्यालयीन कार्यों में अनावश्यक दखल का उल्लेख किया गया था।

# पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर 3 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना बटियागढ़ के अनावेदक अक्कू ऊर्फविजय शुक्ला पिता परषोत्तम शुक्ला निवासी ग्राम बटियागढ़, थाना बटियागढ़ के अनावेदक सोनू ऊर्फ अशीष पिता तुलसीराम विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं.-06 पथरिया तथा भानू खटीक पिता किशनलाल खटीक निवासी वार्ड क्रमांक 13 पथरिया जिला दमोह को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक अक्कू ऊर्फ विजय शुक्ला प्रत्येक सोमवार एवं सोनू ऊर्फ आशीष प्रत्येक मंगलवार को संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष 12 बजे से 01 बजे के मध्य तथा अनावेदक भानू खटीक प्रत्येक सोमवार को अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) पथरिया के न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## मतदाता जागरूक अभियान 2023 के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन जिला दमोह और खेल एवं कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त रूप से हटा विकासखंड के मतदान केंद्र क्रमांक 78 अंधियारा बगीचा शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला के पास नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया गया और सभी लोगों को मतदान के प्रति सक्रिय रहने के लिए कहा गया। इस अवसर पर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर हरिराम अहिरवार एवं मुख्य अभिनय के रूप में युवा समाजसेवी सुनील सेन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम प्रभारी सोमनाथ विश्वकर्मा ने अभिनय संपन्न किया। इस दौरान बिहारी जी सरकार सेवा समिति के अध्यक्ष बबलू राय एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

## असाटी समाज महिला मंडल के द्वारा गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया



**दमोह देशबन्धु।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन में असाटी समाज महिला मंडल के द्वारा गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं एवं बेटियों ने विशेष रूप से अपनी सहभागिता दी और कार्यक्रम का शुभारंभ मां भगवती के समक्ष स्थापित कलश के सम्मुख दीप प्रज्वलन समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा किया गया। असाटी महिला मंडल की पदाधिकारियों के द्वारा मां जगदंबे के समक्ष गरबा नृत्य के माध्यम से आरती की प्रस्तुति दी गई उसके पश्चात गरबा की महिलाओं एवं बेटियों की एक के बाद एक अलग-अलग आकर्षक गरबा की 9 प्रस्तुतियां देते हुए मां जगदंबा की सामूहिक वंदना आराधना की गई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में गरबा की सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी प्रदान किए गए। समिति पदाधिकारी के द्वारा आभार प्रगट करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

# विस्थापन मुद्दा पकड़ रहा जोर



**दमोह देशबन्धु।** जिले में विस्थापन का मुद्दा अब जोर पकड़ता नजर आ रहा है, सोशल मीडिया पर आए दिन लोग विस्थापन रोकने के समर्थन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश में अगले विधानसभा का चुनाव होना है और आचार संहिता लागू हो चुकी है। आचार संहिता में भी लोग अपने हक अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसी बीच बीते दिन ग्राम सर्रा में करीब 18 गांव के लोग एकत्रित हुए और एक जनसभा का आयोजन किया। विस्थापन रोको अभियान का नेतृत्व कर रहे कवि चन्द्रभान सिंह लोधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि विस्थापन का दर्द समझना है तो लोगों को देश के बंटवारे का इतिहास देखना चाहिए। सरकार ने भले ही अपना फरमान जारी कर दिया हो लेकिन हम लोग किसान हैं हम जमीन को खोदकर फसल उगाते है। फिर सरकार के इस तानाशाही फरमान को कैसे स्वीकार कर लेंगे। यह जमीन हमारे पुरखों की है, यही हमारे नरा गड़े हैं और यही जन्म लिया है तो यही मरेंगे भी मगर अपना गांव नहीं छोड़ेंगे। सरकार और प्रशासन से हमारा निवेदन है कि इस प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोकना चाहिए। वरना आने वाले दिनों में हम लोग आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बता दें कि इस मुद्दे को लेकर सियासी मामला भी गरमाया हुआ है, पूर्व विधायक प्रताप सिंह से लेकर दमोह विधायक अजय टंडन तक ने इस प्रक्रिया का विरोध किया है और कहा कांग्रेस की सरकार बनी तो हमेशा के लिए विस्थापित नहों होने देंगे। सभा में करीब 18 गांव के लोग शामिल हुए जिनमें मुख्य वक्ता के रूप में कवि चन्द्रभान सिंह लोधी, अर्जुन सिंह लोधी सहित नौने लाल परस्ते, देवी सिंह गौंड फुलर, परम सिंह गौड़ सारा, जगन सिंह गौंड सर्रा, अशोक सिंह गौड़ फुलर, हल्लाई गौंड माधो, टेक सिंग गौंड सर्रा, तुलसी राम कुदपुरा, कोमल चन्द बोरिया, गुलाब जैन मंझगवा सर्रा, लटोरी सिंग, राजकुमार सर्रा, कनई गौंड सर्रा, फागू कुतपुरा, प्रहलाद सिंह, सोनी सींग सनाई, बसोरी पटेल, खेत सिंग, कैलाश पटेल मझगवा, महेश सींग, शिवलाल, रमेश पटेल इत्यादि लोग सभा में उपस्थित रहे।

# मां की आराधना में महिला महासभा ने किया गरबा नृत्य का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** नवरात्रि की तीज पर मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा दमोह के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व पर गरबा एवं डांडिया का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत में गणेश पूजन और मां अम्बे की पूजन के बाद महिला महासभा के सदस्यों के द्वारा गरबा डांडिया किया गया। इस पूरे आयोजन में समाज की अनेक महिलाओं की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं निर्देशन रमा अग्रवाल महामंत्री मध्य प्रदेश महिला महासभा के द्वारा किया पिछले 15 दिनों से इसकी तैयारी की जा रही थी इस कार्यक्रम में भाग लेने वाली संभागीय उपाध्यक्ष रितु अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरण सुरेखा उपाध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, उप मंत्री अंजली अतुल सचिव डॉक्टर आभा, सह सचिव वंदना अंजलि अनंत सुमित्रा अग्रवाल आदि ने गरबा एवं डांडिया नृत्य किया। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी राजा अग्रवाल, रवि अग्रवाल, शीला पंसारी एवं डॉक्टर डॉ अग्रवाल स्कूल रहा।

# जिले में कुष्ठ रोग खोज अभियान 4 नवम्बर तक



**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 16 अक्टूबर से 04 नवम्बर 2023 तक दमोह जिले में कुष्ठ रोग अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला कुष्ठ एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि चमड़ी के रंग से अलग रंग के दाग-धब्बे जिनमें सुन्नपन, सूखापन हो, पसीना न आता हो, चमड़ी के रोम झड़ गये हो वह कुष्ठ रोग हो सकता है। उन्होंने बताया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में जिले में प्रथम दिन दो सदस्यीय खोजी दलो आशाकार्यकर्ता एवं स्वयं सेवी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर कुष्ठ रोग खोज अभियान का सर्वे कार्य किया गया, जिसमें प्रथम दिन जिले के सभी ब्लॉकों में खोजी दलों द्वारा 23,254 घरों में जाकर 1,10,111 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 722 संभावित रोगी खोजे गए। प्रथम दिन डॉ. रीता चटर्जी एवं डॉ. रजनीश गांगरा द्वारा ब्लॉको में भ्रमण कर खोजी दलो आशा कार्यकर्ता, स्वयं सेवी कार्यकर्ता एवं सुपरवाईजरों को कार्यक्रम संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गयें। इस कार्यक्रम में 203 सुपरवाईजर मॉनीटिरिंग एवं सुपरवीजन कार्य हेतु लगाए गए है।

## अजयगढ़ में निकाली गई बाइक रैली, नोडल अधिकारी स्वीप ने दिलाई मतदान की शपथ

**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन में शुक्रवार 17 नवम्बर को मतदान दिवस पर अधिकाधिक मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने और लोकतंत्र में भागीदारी निभाने के लिए बुधवार को अजयगढ़ में बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली जनपद पंचायत अजयगढ़ से शुरू होकर तहसील कार्यालय पहुंची और बरियारपुर भूमियान में रैली का समापन किया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय के नेतृत्व में बाइक रैली के दौरान जागरूकता गीत के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। एसडीएम एसएन दर्रो सहित अन्य शासकीय सेवकों द्वारा रैली में सहभागिता की गई। इस दौरान आमजनों से विधानसभा चुनाव में मतदान की अपील की गई। नोडल अधिकारी ने मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपके एक मत से लोकतंत्र सशक्त होगा। साथ ही क्षेत्र को योग्य निर्वाचित जनप्रतिनिधि मिलेगा। इसी तरह मतदाताओं को शपथ दिलाई गई7

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**पन्ना, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा जिला जेल पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर सह निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार ने उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी विशेष अभियान 2023 के तहत जिला जेल में निरूद्ध पात्र बंदियों के समय पूर्व जमानत पर रिहाई के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। साथ ही जेल अधीक्षक से निर्धारित प्रपत्र में सभी विचाराधीन बंदियों की जानकारी देने के संबंध में निर्देश दिए। श्री पाटीदार ने बताया कि यूटीआरसी द्वारा जिला जेल पन्ना के 19 और उप जेल पवई के चार प्रकरणों में विचाराधीन बंदियों को जमानत पर रिहाई की अनुशंसा की गई। बंदियों की पैरवी वाले निजी अभिभाषक से चर्चा कर जमानत के आवेदन लगवाए गए। इसी तरह जिन बंदियों को अभिभाषक उपलब्ध नहीं थे, उनके जमानत आवेदन प्राधिकरण के पैनल अधिवक्तागण द्वारा प्रस्तुत करवाए गए, जिसके तहत 23 में से 22 प्रकरणों में यूटीआरसी की अनुशंसा के आधार पर जमानत मंजूर हुई और जिला जेल पन्ना से 14 व उप जेल पवई के तीन बंदी जेल से रिहा किए गए। इसके साथ ही जेल निरीक्षण के दौरान आरडी उपाध्याय केस में जारी निर्देशों और जेल मैनुअल के पालन में जेल प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र सिंह शाक्य द्वारा प्ली बारगेनिंग के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता के माध्यम से अधिवक्ता प्रदान किए जाने संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई और बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने बंदियों के विधिक अधिकारों और कर्तव्यों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के पालन में विचाराधीन पात्र बंदियों की समय पूर्व जमानत पर रिहाई के लिए बंदियों द्वारा पूर्ण जानकारी दिए जाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नालसा सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की।


# पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**पन्ना, देशबन्धु।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में अंतर्राष्ट्रीय मानक दिवस के उपलक्ष्य में और बीआईएस भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार विगत मंगलवार को मानक दिवस कार्यशाला तथा मानक लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस मौके पर बीआईएस भोपाल के प्रतिनिधि शशिकांत चौरसिया द्वारा भारतीय मानक संस्थान की स्थापना, इसके उद्देश्य तथा अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को मानकों से जागरूक करने के महत्व को बताया गया और बीआईएस एप्लीकेशन तथा संस्था में स्थापित मानक क्लब के सदस्यों को कैप एवं बैज लगाकर मानक लेखन प्रतियोगिता की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में बाजार से क्रय की जाने वाली विभिन्न उपभोक्ता सामग्री लेने के पूर्व उसके लाइसेंस, आईएसआई मार्क तथा हालमार्क के संबंध में अवगत कराया गया। संस्था प्राचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को बाजार से खरीदी जाने वाली विभिन्न खाद्य सामग्री के निर्माण तथा अवसान तिथि देखने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम मेंटर यूके श्रीवास्तव द्वारा क्लब सदस्यों को अपने परिसर तथा अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए यूथ टू यूथ कनेक्टिविटी तथा बीआईएस क्वालिटी कनेक्टिविटी एप् की जानकारी दी गई। कार्यशाला उपरांत क्लब के सदस्यों के मध्य हेलमेट पर मानक लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले सदस्यों को पुरस्कार स्वरूप नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।

# सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी करती हैं रानगिर वाली हरसिद्धि माता

## नवरात्रि में श्रद्धालुओं की लगी अपार भीड़



**गौरझामर, देशबन्धु।** शारदीय नवरात्रि के पर्व पर इन दिनों के गौरझामर के समीपस्थ देवी मंदिर रानगिर में भक्तों की अपार भीड़ माता हरसिध्दी देवी के दर्शन हेतु उमड़ रही है। प्रसिद्ध शक्ति पीठ रानगिर जहां पर विराजित माता हरसिद्धि की अनगढ़ भव्य और अति आकर्षक पाषाण प्रतिमा जिसमें चमत्कार ही चमत्कार भरे हैं कहते हैं कि जो भी व्यक्ति पूरी आस्था और सच्चे मन से माता के दरबार में मनोकामना लेकर आता है माता उनकी हर मुराद पूरी करती हैं। यही कारण है की माता भक्त वत्सला होते हुए अपने भक्तों को सदैव अपने शरण में रखकर उनकी मुराद पूरी करती हैं। रानगिर मंदिर में स्थापित माता की चमत्कारी मूर्ति दिन में तीन रूपों में अपने भक्तों को दर्शन देती हैं जो अलौकिक भव्य और मनोहारी होते हैं चित्ताकर्षक माता की मूर्ति के दर्शन मात्र से सभी के क्लेश मिट जाते है। रानगिर में दूर-दूर से श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर रानगिर आते हैं और मां के दरबार में अर्जी लगाकर मन्नत मांगते हैं जिसे मैया अवश्य पूरी करती हैं। बता दें कि रानगिर में माता हरसिद्धी के दरबार में चैत्र मास की नवदुर्गा पर करीब एक पखवाडे तक प्रसिद्ध वार्षिक मेला लगता है। जिसमें पूरे भारतवर्ष से श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में विभिन्न वाहनो से रानगिर आते हैं इन दिनों क्वार की शारदीय नवरात्रि पर श्रद्धालुओं का दर्शन हेतु परमा से ही आना शुरू हो जाता है। जो 9 दिनों तक निरंतर चलता रहता है इस समय भी चैत्र मास की नवदुर्गा जैसा ही नजारा देखने को मिलता है। गौरझामर से मढी जमुनिया सीरी रामपुर होते हुए करीब दस किमी संक्षिप्त मार्ग से रानगिर पहुंचने का सुगम मार्ग है जो पक्का होने की कारण अब वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए सहज सुलभ है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 फोर लाइन ज्वाप बस स्टाप तिराहे से परंपरागत मार्ग भी अब चौडा पक्का डामरीकृत हो जाने से आवागमन के लिए मार्ग बेहद सुलभ है। एक मार्ग सागर रहली 5 मील से भी रानगिर पहुंचने का पक्का मार्ग है। इन मार्गों से श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में रोज रानगिर पहुंच रहे है। किवदन्ती है की रानगिर मे माता सती की रान, जंघा कट कर गिरी थी जिससे इस पावन स्थान का नाम रानगिर पडा इसी प्रकार रानगिर के पास पहाडी पर माता सती गौरी के दांत गिरने से इस स्थान का नाम गौरीदांत पड़ा रानगिर धाम काफी रमणीक व प्राकृतिक सौंदर्य से भरा पडा है। इसी प्रकृति की गोद में माता हरसिद्धी देवी का अति पुराना धाम बूढी रानगिर भी प्रसिद्ध दर्शनीय स्थान है। जहां पर श्रदालु बडी संख्या में दर्शन हेतु जाते है।

# ऑटोमोबाइल दुकान पर लगी आग, आधा दर्जन से ज्यादा फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू





**सागर, देशबन्धु।** भगवानगंज चौराहे पर स्थित राजू ऑटोमोबाइल की दुकान के तीसरे माले पर बुधवार को भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग का विकराल रूप और बाजू में पेट्रोल पंप होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना प्राप्त होते ही कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने आग को फैलते देख आवश्यक निर्देश दिए एवं रणनीति बनाकर आग बुझाने हेतु करवाई प्रारंभ कराई। इस दौरान 10 फायर फाइटर गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार भगवानगंज चौराहे पर पेट्रोल पंप है। जिससे सटकर एक तीन मंजिला भवन है। भवन के तीसरे माले पर राजू आटो पार्ट्स की दुकान है। बुधवार को दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। लेकिन भवन की ऊंचाई अधिक होने से आग बुझाने में परेशानी हुई। इसी दौरान आग ने विकराल रूप ले लिया। दुकान में लगी बैटरियां फटने लगी। बैटरियां फटने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। इसके साथ ही बाजू में पेट्रोल पंप होने से खतरा बढ़ गया। स्थितियों को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल सेना की मदद ली। सूचना पर सेना के जवान मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की मशक्कत शुरू की। भवन के बाजू में बने पेट्रोल पंप को तत्काल बंद कराया गया। उन्होंने स्थितियों को देखते हुए मामले की सूचना सेना को दी। आग पर काबू पाने के लिए नगर निगम की 6 फायर ब्रिगेड, आर्मी की तीन और एक फायर फाइटर गाड़ी स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय की मौके पर पहुंची। जिसके बाद फायर कर्मचारियों ने सेना के साथ समन्वय कर आग पर चारों तरफ से पानी की बौछार की। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग किन कारणों से लगी इसकी जांच पुलिस कर रही है।

## सूने मकान से सोने चांदी के जेवरात ले भागे चोर

**सागर, देशबन्धु।** कैंट थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरों ने सेंध लगाई। चोर घर में रखे सोने चांदी के जेवरात लेकर भागे है। वारदात सामने आते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार फरियादी अमरजीत सलूजा उम्र 70 साल निवासी गुरू अमरदास नगर ग्राम भैंसा ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि उनका बेटा कमलजीत सिंह इंदौर में रहता है। बेटे से मिलने के लिए पत्नी के साथ इंदौर गया था। इस दौरान सागर स्थित मकान में ताला लगा हुआ था। इसी बीच मकान सूना होने का फायदा उठाकर बदमाशों ने सेंध लगाई। चोर मकान के दरवाजे पर लगा ताला तोड़ अंदर घुसे। घर में रखी अलमारियों के लॉक तोड़कर बदमाश सोने चांदी के जेवरात लेकर भागे हैं। परिवार के लोग इंदौर से लौटकर सागर अपने घर पहुंचे तो देखा मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। अंदर जाकर देखा तो सामान फैला पड़ा था और अलमारियां खुली थीं। फरियादी ने बताया कि वारदात में चोर घर में रखे दो सोने के हार वजनी करीब 4 तौला, दो कानों के बाला वजन 5 ग्राम, दो सोने के सिक्के वजनी करीब 3 ग्राम, चांदी के 15 सिक्के लेकर भागे हैं। वारदात की शिकायत मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एफएसएल टीम को बुलाया गया। एफएसएल टीम ने वारदातस्थल से आरोपियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

# निर्माणाधीन नहर की पाइपलाइन हुई क्षतिग्रस्त, किसान परेशान





**राहतगढ़, देशबन्धु।** बीना बहुउद्देशीय परियोजना के तहत बनाए गए बांध से क्षेत्र के अनेक ग्रामों के खेतों में नहर के माध्यम से पानी देने का प्रावधान किया गया है। संबंधित विभाग ने अंडरग्राउंड पाइपलाइन डाली है। जानकारी के मुताबिक ब्लॉक के ग्राम मीरखेड़ी से हिरनखेड़ा आदि गांवों की ओर गई पाइपलाइन जो शुरू होने के पहले ही क्षतिग्रस्त होकर टूट गई और खेतों से गई पाइप लाइन से जमीन धसक रही है ऐसे में ग्राम मीरखेड़ी, बिल्हा कुआंखेड़ा आदि खेतों के किसानों के लिए समस्या हो रही है। किसान आनंद जैन ने बताया कि इस संबंध में अधिकारियों से बात की उनका जवाब था समय मिलने पर लाईन को ठीक करवा दिया जाएगा।

वही नहर के पाइप लाइन डालने में लापरवाही बरती गई है। खेतों में डली पाइपलाइन से जमीन धसक रही है। जिससे खेतों में कृषि कार्य करने परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान आनंद जैन, आशीष जैन, पवन शर्मा, अशोक पाराशर आदि ने जल्द ही पाइपलाइन सुधारे जाने की मांग की है।

# आज के डिजिटल भारत युग में बैंकों के लिये ग्राहक ही सर्वोपरिः सुरेन्द्र जैन




**सागर, देशबन्धु।** अपनत्व एवं पारिवारिक वातावरण जैसा ही माहौल आज का ग्राहक बैंकों में भी चाहता है, बैंकों को चाहिये कि बेहतर सुविधाओं के साथ ही अपनी बैंकिंग करे यह बात कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र मालथौन ने फेडरल बैंक मकरोनिया ब्रांच के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में जहां ऑनलाइन एवं डिजिटल बैंकिंग हो रही है बैंकों को ग्रामीण क्षेत्रों में भी अधिक से अधिक ब्रांचेज खोलना चाहिये। चाहे व्यापारी हो, नौकरी पेशा वाले हो या कृषक हो बैंकों में लंबी लाइनों से परहेज करता है अब उसको समयाभाव के कारण समय सीमा में बैंकों के काम निपटाना चाहता है। इस बात को बैंकिंग सेक्टर को ध्यान रखना होगा। इस अवसर पर गुलझारीलाल जैन, संजय अग्रवाल, जयंत ठाकुर, संदीप जैन, राजकुमार ठाकुर, यशवंत ठाकुर, फेडरल बैंक के वॉइस प्रेसिडेंट जुनेजा, ब्रांच मैनेजर सिद्धार्थ आदि मौजूद थे।

## हम पेंसिल बनकर किसी के लिए सुख नहीं लिख सकते, तो कम से कम रबर बनकर उनके दुख तो मिटा ही सकते हैं: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** इंसान होकर इंसान के काम आना समग्र मानवता है। भूखे को रोटी और प्यासे को पानी पिलाने से बढ़कर कौन सा पुण्य होगा। जैन दर्शन में ज्ञानदान, औषध दान, अभयदान, आहार दान के अलावा करुणा दान भी विशेष बताया है। जो लोग दुखी हैं, असमर्थ हैं, असहाय रोगी हैं, उनकी उचित व्यवस्था बनाएं। स्वार्थवश या नाम के लिए सेवा नहीं करें यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनि श्री ने कहा यदि आपका साधर्मी या भाई संकट से गुजर रहा है तो संकटमोचक बनकर पहले किसी न किसी तरीके से चुपचाप उसका सहयोग अवश्य कीजिए। अपने परिवार के लिए तो सब करते हैं परंतु जो दूसरों के लिए सहयोग देता है वह देवता कहलाता है। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि व्यसनी, आलसी व्यक्ति को सहयोग सोच समझकर करें। इंसान बनकर इंसान की सेवा, सुश्रुषा में हमेशा तत्पर रहे। अगर हम पेंसिल बनकर किसी के लिए सुख नहीं लिख सकते, तो कम से कम रबर बनकर उनके दुख तो मिटा ही सकते हैं। गरीबों की सेवा में सदैव तत्पर रहे। गरीबों को नहीं गरीबों को मिटाये। अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस पर मुनि संघ ने अपने विचार रखे।

# ओबरसीज एवं सर्विस वोटरों के विषय में भी जिले के कैम्पस एम्बेसेडरों ने जाना



**सागर, देशबन्धु।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जिला स्तरीय कैम्पस एम्बेसेडर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डॉ. संजीव दुबे प्राचार्य की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें उन्होंने कैम्पस एम्बेसेडरों को संबोधित किया। जिले के 20 शासकीय महाविद्यालयों के 1-1 छात्र-छात्राओं ने इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सहभागिता की। कार्यशाला उपरांत विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिये गये। जिला पंचायत के सीईओ एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी पीसी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी विशेष हैं क्योंकि आपका चयन महाविद्यालय में कैम्पस एम्बेसेडर के लिए किया है। लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य को अपना कर्तव्य मानकर हमे गौरान्वित होना है। मतदान दिवस के 10 दिवस पूर्व आप सभी अपने-अपने परिवार के सभी रिश्तेदारों को पत्र लिखने का कार्य करें जिसमें 17 नवम्बर को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। ट्रेनर श्रीराम दुबे ने कहा कि आप सभी को यह ज्ञात होना चाहिए की निर्वाचन में कौन-कौन से प्रपत्र हैं जो मतदाता परिचय पत्र से संबंधित हैं। सर्विस वोटर भी होते हैं जो विशेषकर आर्मी के व्यक्तियों पर लागू होता है इसके द्वारा वह अपना वोट अपने परिवार के किसी अन्य सदस्य को देने के लिए नामांकित करता है। जिला स्वीप समन्वयक डॉ अमर कुमार जैन ने बताया कि आप सभी निर्वाचन में परिसर दूत का कार्य कर रहे हैं अतः आपसे आयोग को अपेक्षा है कि आप मतदान प्रतिशत में वृद्धि करने के लिए महाविद्यालय के युवाओं से बात करके इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सीखी गई बातों को बतायेंगे।

## प्रो. अस्मिता गजभिये पाटिल तकनीक और प्रौद्योगिकी स्कूल की डीन नियुक्त

**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने फार्मेसी विभाग की प्रो. अस्मिता गजभिये पाटिल को तकनीकी और प्रौद्योगिकी स्कूल का अधिष्ठाता नियुक्त किया है। इस स्कूल के अंतर्गत फार्मेसी तथा एप्लाइड जियोलॉजी विभाग संचालित हैं। इस नियुक्ति पर प्रो. अस्मिता ने कहा कि यह मेरे लिए महत्वपूर्ण दायित्व है और अग्रणी और नवाचारी तरीके से संस्था को आगे ले जाने के लिए समर्पित रहूंगी। फार्मेसी तथा भूगर्भ शास्त्र विभाग के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अन्य विभागों के शिक्षकों ने प्रो. अस्मिता को बधाई प्रेषित की है।

## केंद्रीय विद्यालय क्र. 4 के छात्र शुभ सक्सेना की बड़ी उपलब्धि




**सागर, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय क्र. 4 सागर के कक्षा 9वीं के छात्र मास्टर शुभ सक्सेना का चयन 10 वीं राष्ट्रीय स्तरीय और परियोजना प्रतियोगिता 2021-22 हेतु हुआ यह प्रतियोगिता 9 अक्टूबर को जिमनास्टिक एरीना इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स राजघाट नई दिल्ली में आयोजित की गई तथा सम्मान समारोह 11 अक्टूबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया गया। छात्र शुभ सक्सेना द्वारा थीम portable cradle for infant of migrant workers पर अपने प्रोजेक्ट का उत्कृष्ट तरीके से प्रदर्शन किया गया तथा प्रतियोगिता में शामिल हुए 400 प्रतिभागियों में से अंतिम 60 में अपना स्थान सुरक्षित किया। इस हेतु शुभ सक्सेना को केन्द्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा प्रमाण पत्र और शील्ड द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रोजेक्ट में बच्चों को मार्गदर्शन के रूप में सहयोग विद्यालय की गणित विषय की शिक्षिका वर्षा शर्मा और विज्ञान विषय की शिक्षिका दीपा गुप्ता ने किया। छात्र शुभ सक्सेना की इस उपलब्धि पर विद्यालय के साथ-साथ पूरा जबलपुर संभाग भी गौरवान्वित है। विद्यालय के प्राचार्य आरएस वर्मा द्वारा छात्र को विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक सम्पन्न, पत्रकारों के हितों पर हुई चर्चायें



**सागर, देशबन्धु।** मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश स्तर पर हुए निर्देश के तहत मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ सागर जिला ईकाई की सदस्यता अभियान की शुरुआत के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक में पत्रकारों ने वर्तमान में पत्रकारिता में चुनोतियां विषय पर भी चर्चा की। आमंत्रित अतिथि पत्रकार त्रिभुवन तिवारी ने पत्रकारों के आवास, मूलभूत सुविधाओं, अधिमान्यता के विषय पर विस्तृत चर्चा की। पत्रकार वंदना तोमर ने पत्रकारों के हित में अनेक सुझाव दिए। वही संगठन के जिला सदस्यता प्रभारी पत्रकार गजेंद्र ठाकुर ने संगठन के विषय पर चर्चा की और सदस्यता फार्म भरवाने की शुरुआत की उन्होंने बताया कि अब तक नए सिरे से 35 पत्रकारों ने सदस्यता फार्म भर दिए हैं। बैठक में राकेश तिवारी, अभिषेक रजक, श्रीकांत त्रिपाठी, लक्ष्मण कुमार, रूपेश विश्वकर्मा, शरद श्रीवास्तव, दीपक विश्वकर्मा, मनीष तिवारी, अमित मिश्रा, आशुतोष सोनी, शैलेश अग्रवाल, देवेंद्र कश्यप आदि मौजूद रहें।

# नगर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली क्षेत्र में निकाला पैदल फ्लैग मार्च

## कोतवाली पुलिस के साथ-साथ स्पेशल फोर्स भी रहा साथ



**सागर, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने, नवरात्रि पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस के अधिकतम पुलिस बल के द्वारा बुधवार 18 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली क्षेत्र में थाना एवं स्पेशल फोर्स के बल द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। शहर में नगर पुलिस अधीक्षक यश बिजोरिया, थाना प्रभारी कोतवाली नवीन जैन के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। उक्त फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर तिलकगंज वार्ड, कटरा, लच्छू तिराहा, तीनबत्ती, सर्राफा, पुरव्याऊ, मोराजी आदि थाना कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न व्यस्ततम मार्गो व स्थानों से गुजरते हुए पूरे थाना क्षेत्र का भ्रमण किया।

पैदल मार्च के पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सभी अधिकारियों कर्मचारियों को ब्रीफ किया। पैदल मार्च करते हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आमजन से चर्चा भी की। विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करने, नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने, आमजन में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने एवं शहर में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा निर्वाचन के दौरान पैदल फ्लैग मार्च के माध्यम से जनसामान्य को आदर्श आचार संहिता का पालन करने, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने में सहयोग हेतु अपील की गई।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।